Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 278 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 02 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

सत्य और अहिंसा से तुम संसार को अपने सम्मुख झुका सकते हो।

You can make the world bow with the help of truth and nonviolence.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

एक लाख इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा (आरएनएस)। एक लाख की इनामी महिला नक्सली ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है. महिला नक्सली सुकमा क्षेत्र में सक्रिय थी और उस पर छत्तीसगढ़ शासन ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था. आत्मसमर्पण करने वाली महिला माओवादी थाना चिंतागुफा क्षेत्र की निवासी है. बता दें कि सुकमा पुलिस पूना नर्कोम अभियान चला रही है. बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैंप लगाए जा रहे हैं. इस अभियान से प्रभावित होकर माओवादी हथियार डाल रहे हैं और हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं. महिला माओवादी को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित करने में विशेष आसूचना शाखा सुकमा का विशेष योगदान रहा.

बारामूला में पाकिस्तान स्थित सात आतंकवादियों की संपत्ति पुलिस ने की कुर्क

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर में पुलिस ने बुधवार को बारामूला जिले में पाकिस्तान में रह रहे सात आतंकवादियों की संपत्ति कुर्क की पुलिस ने कहा कि उरी के विभिन्न गांवों के सात आतंकी आकाओं की लाखों रुपये की कीमत वाली आठ कनाल, छह मरला और दो सेरसाई जमीन है ये आतंकी अब पाकिस्तान में हैं। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई अतिरिक्त सत्र न्यायालय बारामूला से आदेश प्राप्त करने के बाद की गई।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कटघोरा में भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडे के समर्थन में किया जनसभा को संबोधित

जब तक भाजपा के सांसद संसद में रहेंगे, कांग्रेस को एससी, एसटी और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त नहीं करने देंगे : अमित शाह

मोदी जी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड और 25 साल का विजन है : अमित शाह

रायपुर/कोरबा (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त होने का वादा करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ में भूपेश कक्का की सरकार थी, वह नक्सलवाद को बढ़ावा देते रहे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने चार महीनों में ही 95 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। 350 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं और कई ने आत्मसमर्पण किया है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पाँच साल में झारखंड, ओड़िशा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से नक्सलवाद को समाप्त किया है और यह मोदी की गारंटी है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा की जीत के साथ केंद्र में श्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनते ही दो साल में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का खात्मा कर देंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा में भारतीय जनता पार्टी की आहूत महती चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने पराक्रम किया। पहले 29 नक्सली और कल 10 और नक्सली मारे गए और ये भूपेश कक्का निर्लज्जता से इसे फर्जी एनकाउंटर कहते हैं। नक्सलियों ने स्वीकार कर लिया कि हमारा बड़ा नुकसान हुआ है पर कांग्रेस वाले शर्म तक महसूस नहीं करते। चुनाव जीतने के लिए इस देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण कांग्रेस करती रही है, पर अब देशवासियों और विशेषकर छत्तीसगढ़वासियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि छत्तीसगढ़ में आपने कमल फूल की सरकार बनाई है, केंद्र में प्रधानमंत्री श्री मोदी की कमल फूल की सरकार बनने वाली है तो नक्सलवाद को खत्म होना ही होना है। राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए श्री शाह ने कहा कि आज वह छत्तीसगढ़ भगवान राम के ननिहाल में आए हैं। अयोध्या में राम मंदिर बनने को लेकर कांग्रेस हमारे खिलाफ लड़ती रही है। कांग्रेस ने 71 साल से रामजन्मभूमि के मसले को अटकाने, लटकाने और भटकाने का काम किया। पिछली बार 11 में 9 सीटें देकर छत्तीसगढ़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाई और इन पाँच साल में केस भी जीता, भूमिपूजन भी कराया, मंदिर भी बनाया, और 22 जनवरी को श्रीरामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा भी कर दी। हम उन भाग्यशाली लोगों में हैं, जिन्होंने पाँच सौ साल के बाद भगवान रामलला के ललाट पर सूर्यतिलक होते हुए देखा। कांग्रेस को रामजन्मभूमि पर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का न्योता दिया गया, परंतु कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों और उनके वोट बैंक के डर से उस न्योते को दुत्कारा। आप तो रामलला के ननिहाल वाले हैं, जब कांग्रेस वाले वोट मांगने आएँ तो पूछना कि किस मुँह से वोट मांगने आए हो? रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करके कांग्रेस ने भगवान राम के ननिहाल और माँ शबरी की धरती छत्तीसगढ़ का घोर अपमान किया है।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और आने वाले 25 साल का एजेंडा भी। छत्तीसगढ़ आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, दलित समाज का बहुलता वाला क्षेत्र है। श्री मोदी ने 2014 में कहा था कि हमारी सरकार गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की होगी। अब श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है कि देश और छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद, आतंकवाद से मुक्ति दिलाना, देश के गरीब के कल्याण की चिंता करना, पूरे देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना, जनजातियों के सम्मान की चिंता करना और छत्तीसगढ़ को देश का सबसे पहले नंबर का राज्य बनाना। श्री मोदी ने पिछले 10 साल में ढेर सारे काम किए। हर गरीब को घर दिया है, हर घर को नल से जल दिया है, हर घर को गैस का सिलेंडर दिया है, 5 लाख रुपए तक का बीमा दिया है, प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलो चावल भेजा है, शौचालय बनाकर दिया है, हर व्यक्ति को कोरोना का निःशुल्क टीका लगवाकर देश को सुरक्षित किया है और उस वक्त राहुल गांधी कहते थे, ये मोदी टीका है, मत लगवाना। ये अच्छा है कि देशवासी उनकी सुनते नहीं हैं और सबने टीका लगवा लिया और फिर खुद भी अपनी बहन के साथ जाकर गुपचुप टीका लगवा लिया। राहुल गांधी को कोरोना जैसी महामारी में भी राजनीति करने के लिए शर्म महसूस करनी चाहिए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक रेणुका सिंह, प्रेमसिंह पटेल, भैयालाल राजवाड़े, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक चम्पादेवी पावले सहित काफी संख्या में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विशाल जनसमूह की उपस्थिति रही।

बनासकांठा से पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- चाय वाला क्या करेगा... ये मेरा मजाक उड़ाते थे

प्रधानमंत्री ने विजय विश्वास सभा में कांग्रेस को दी खुली चुनौती

बनासकांठा (विश्व परिवार)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के बनासकांठा में विजय विश्वास सभा को संबोधित किया। गुजरात दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि ये दिन नए संकल्प और ऊर्जा का दिन है। उन्होंने कहा कि आइए आज संकल्प लें कि विकसित भारत बनाने के लिए हम विकसित गुजरात बनाने में कोई पीछे नहीं हटेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों का उल्लेख किया और कहा कि मैंने इस देश की क्षमता देखी है, जिसके आधार पर मैं अपनी गारंटी देता हूं। मेरी गारंटी खोखले वादे नहीं हैं। वे मेरे अनुभव और भारत की प्रतिभा की समझ से उपजे हैं, जो मुझे विश्वास दिलाता है कि हम क्या हासिल कर सकते हैं।

हिंदुस्तान को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना के रहूंगा- विजय विश्वास सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं गारंटी लेकर आया हूं और मेरी गारंटी है कि आने वाले मेरे तीसरे टर्म में मैं हिंदुस्तान को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना के रहूंगा। जब देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तब उसकी समृद्धि, सामर्थ्य और उसका लाभ, वर्तमान पीढ़ी को भी मिलेगा और आपकी आने वाली पीढ़ी को मिलेगा।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। कांग्रेस के चायवाला कमेंट पर पीएम मोदी ने कहा 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा के मैदान में आया तो कांग्रेस के पास मुद्दे थे कि ये चाय वाला क्या करेगा। ये मेरा मजाक उड़ाते थे, लेकिन देश ने उनकी इस हरकतों को ऐसा जवाब दिया कि जो कभी 400 सीट लेकर बैठते थे वो 40 सीट पर आ गए।

प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस को संदेश

गुजरात से पीएम मोदी ने कांग्रेस को कड़ा संदेश दिया और आरक्षण को लेकर जमकर बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जमात कान खोलकर सुन ले। ये मोदी है, मोदी जब तक जिंदा है- मैं कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल खेलने नहीं दूंगा। एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के गरीब... उनको जो आरक्षण मिला है, संविधान के तहत मिला है। बाबा साहेब के आशीर्वाद से मिला है। उसमें रत्ती भर भी कोई लूट नहीं सकता है। कांग्रेस की हिम्मत है तो घोषणा करके देख ले... मैं चुनौती देता हूं।

प्रियंका वाड्रा आज कोरबा में ज्योत्सना महंत के लिए करेंगी प्रचार

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा 2 मई को छत्तीसगढ़ के कोरबा लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत की पक्ष में प्रचार करेंगी. छत्तीसगढ़ के बाद प्रियंका गांधी का मध्यप्रदेश दौरा है.

प्रियंका वाड्रा के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर मिनट टू मिनट जारी किया गया है. तय कार्यक्रम के अनुसार, प्रियंका गांधी सुबह 11:45 पर बिलासपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी, जहां से कोरबा के लिए रवाना होंगी. 12:30 बजे कोरबा पहुंचकर चिरमिरी में आयोजित सभा में शामिल होंगी. 12.30 से 1.30 बजे तक चुनावी सभा में शामिल होंगी. 1.35 पर कोरबा से बिलासपुर के लिए प्रियंका गांधी रवाना होंगी. दोपहर 2 बजे प्रियंका बिलासपुर से मध्यप्रदेश दौरे के लिए रवाना होंगी.

एसईसीएल मुख्यालय में खनिक दिवस सोल्लासपूर्ण मनाया गया

सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने कंपनी के नाम, नमक एवं निशान के प्रति हमेशा समर्पित रहने का किया आह्वान

खनिक श्रमवीर हुए पुरस्कृत

बिलासपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 01-05-2024 को एसईसीएल वसंत विहार स्थित रविन्द्र भवन के टैगोर हाल में खनिक दिवस का आयोजन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, निदेशक (वित्त) श्री जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री एस.एन. कापरी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री जयंत कुमार खमारी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) श्री बिरंची दास, पूर्व निदेशक तकनीकी श्री एन.के. सिंह, श्री सी.एल. श्रीवास्तव, पूर्व निदेशक (कार्मिक) श्री के.के. श्रीवास्तव, एसईसीएल संचालन समिति के हरिद्वार सिंह (एटक), बीएम मनोहर (सीटू), एके पाण्डेय (सीएमओएआई) के विशिष्ट आतिथ्य, एसईसीएल सुरक्षा समिति के सर्वश्री आनंद मिश्रा (एचएमएस), बी. धर्माराव (एटक), संजय सिंह (बीएमएस), कमलेश शर्मा (एसईकेएमसी), इन्द्रदेव चैहान (सीटू), जीएम प्रसाद (सीएमओएआई), सिस्टा अध्यक्ष श्री एआर सिदार, सिस्टा महासचिव श्री आर.पी. खाण्डे, कौंसिल अध्यक्ष श्री ओपी नवरंग, कौंसिल महासचिव श्री ए विश्वास, अध्यक्ष ओबीसी एसोसिएशन श्री अनिरूद्ध कुमार चन्द्रा, श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती पूनम मिश्रा उपाध्यक्षागण श्रीमती राजी श्रीनिवासन, श्रीमती संगीता कापरी, श्रीमती सुजाता खमारी, श्रीमती अनीता फ्रेंकलिन एवं अन्य सम्माननीय सदस्याओं, क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधकों/महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया।

प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया उपरांत खनिक प्रतिमा पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथियों द्वारा किया गया उपरांत मुख्य अतिथि तथा मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इसके पश्चात कोलइण्डिया कारपोरेट गीत बजाया गया एवं शहीद श्रमवीरों के सम्मान में समस्त उपस्थितों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया। संकल्प का पठन अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा द्वारा किया गया जिसे समस्त उपस्थितों ने दोहराया उपरांत मंचस्थ अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों, कल्याण मण्डल, त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति, सिस्टा के सदस्यों का पुष्पहार, शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक (विक्रय/विपणन) श्री सीबी सिंह ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने सभी उपस्थितों को खनिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को हमारी कंपनी एसईसीएल के नाम, नमक और निशान के प्रति सदैव समर्पित रहते हुए इसकी उन्नति के लिए लिए अनवरत श्रम करते रहना है। उन्होने कहा कि एसईसीएल की सफलता किसी एक व्यक्ति या एक दिन की मेहनत का फल नहीं है बल्कि यह हमारे श्रमवीरों के कई वर्षों के अनुभव, परिश्रम एवं समर्पण का प्रतिफल है।

बांस शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को सशक्त बनाना, सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) द्वारा एक सहयोगात्मक प्रयास

सिरपुर (विश्व परिवार)। सिरपुर के बांसकुडा गांव में बांस शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम एक पहल है जिसका उद्देश्य पारंपरिक शिल्प को संरक्षित और बढ़ावा देते हुए स्थानीय ग्रामीणों को व्यावसायिक कौशल के साथ सशक्त बनाना है। सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) ने बांस शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को सशक्त बनाने की सराहनीय पहल की है। आजीविका के अवसरों को बढ़ाने और निरंतर/पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, कार्यक्रम ने महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।

बांस शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को बांस शिल्प कौशल में व्यावहारिक कौशल प्रदान करना, समुदाय के भीतर उद्यमशीलता और आय सृजन को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम का उद्देश्य बांस, एक नवीकरणीय और पर्यावरण-अनुकूल संसाधन का उपयोग करके पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम स्थानीय ग्रामीणों को बांस शिल्प कौशल में प्रशिक्षित करने, उन्हें घरेलू वस्तुओं से लेकर सजावटी सामान तक विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने के लिए आवश्यक कौशल से युक्त करने पर केंद्रित है। क्षेत्र के अनुभवी कारीगरों और विशेषज्ञों के नेतृत्व में, प्रशिक्षण में बुनाई, नक्काशी और बांस को जटिल डिजाइनों में आकार देने सहित विभिन्न तकनीकों को शामिल किया गया है।

बांस शिल्प इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व रखता है, इसके उत्पादों की स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग है। प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करके, कार्यक्रम न केवल पारंपरिक शिल्प कौशल को संरक्षित करता है बल्कि ग्रामीणों के लिए स्थायी आजीविका के रास्ते भी बनाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से डिजाइन और कार्यान्वित करने के लिए सिरपुर साडा ने राष्ट्रीय बांस मिशन के विशेषज्ञों के साथ सहयोग किया है। पाठ्यक्रम में बांस शिल्प के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिसमें कटाई तकनीक, प्रसंस्करण और टोकरियाँ, फर्नीचर और सजावटी वस्तुओं जैसे विविध हस्तशिल्प बनाना शामिल है। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किए गए सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ हाथों-हाथ सीखने को सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाते हैं। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय भारत पर्यटन रायपुर के प्रबंधक मयंक दुबे द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का दौरा कर प्रतिभागियों से मुलाकात करके उन्हें प्रोत्साहित किया गया। उनकी उपस्थिति ने ग्रामीण विकास और सतत पर्यटन पहल को बढ़ावा देने में कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान प्रतिभागियों के साथ बातचीत में, बांस उत्पादों के लिए संभावित बाजार अवसरों के बारे में प्रोत्साहन और मूल्यवान जानकारी प्रदान की गई।

माओवादियों के साथ जवानों की भिड़ंत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर से बड़ी खबर है. यहां अबुझमाड़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हो रही है. डीआरजी-एसटीएफ के जवानों ने अबुझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों को कई तरफ से घेर लिया है. खबर है कि एनकाउंटर में 3 नक्सली मारे गए हैं. बस्तर रेंज के आईजी ने कहा कि मुठभेड़ खत्म होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा. गौरतलब है कि 29 अप्रैल को भी सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी. इस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था. यह एनकाउंटर सलातोंग इलाके में हुआ था. यहां एनकाउंटर उस वक्त हुआ, जब डीआरजी जवान सर्चिंग पर निकले थे. मुठभेड़ में कई नक्सलियों को गोली लगी थी. इसके बाद जवानों ने यहां सर्चिंग बढ़ा दी है। छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में इन दिनों नक्सली मुठभेड़ें बढ़ गई हैं. इन मुठभेड़ों में सबसे बड़ा एनकाउंटर 16 अप्रैल को हुआ था. यह एनकाउंटर कांकेर में हुआ था. सुरक्षाबलों-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर हो गए थे. ये मुठभेड़ इतनी बड़ी थी कि जवानों के लिए अतिरिक्त फोर्स भेजी गई थी. यहां से सुरक्षाबलों को एके-47 सहित बड़ी संख्या में ऑटोमैटिक हथियार बरामद हुए थे. इस दौरान मारे गए नक्सलियों में टॉप नक्सल कमांडर शंकर राव भी मारा गया था. उसके सिर पर 25 लाख रुपये का इनाम था।

छत्तीसगढ़ में मनाया गया श्रमिक दिवस, मुख्यमंत्री ने कामगारों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रमिकों के साथ बोरे बासी भी खाया

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के गांधी चौक में मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित 'कामगारों का सम्मान समारोह' में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रमिकों के साथ बोरे बासी भी खाया। वहीं मुख्यमंत्री साय ने श्रमिक दिवस की सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के साथ भोजन करने का मौका मिला। यहां श्रमिकों को 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलता है।

रमन सरकार के दौर से यह योजना शुरू हुई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया भारत सरकार में 2 साल लेबर मिनिस्टर के रूप में काम किया। मैं गांव का रहने वाला हूं, श्रमिकों की समस्या हम समझते हैं। इतना कोई नहीं समझ पाएगा। ये झोपड़ी में रहकर लोगों के लिए महल बनाते हैं। श्रमिकों को नमन करता हूं, हमारा विकास इन्हीं पर टिका है।

मल्लिकार्जुन खड़गे के राम और शिव को लड़ाने वाले बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गई है. पूरे देश और छत्तीसगढ़ में जनता का विश्वास खो चुकी है। मुद्दे से भटक गए हैं और कुछ भी बोल रहे हैं।

कांग्रेस ने जारी की एक और लिस्ट, राज बब्बर गुरुग्राम और आनंद शर्मा कांगड़ा से उम्मीदवार घोषित

चंडीगढ़ (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कांग्रेस ने मंगलवार को एक और कैंडिडेट लिस्ट जारी की। प्रत्याशियों की इस लिस्ट में कई बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस ने इस लिस्ट में तीन राज्यों की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। कांग्रेस ने हरियाणा के गुरुग्राम से अभिनेता से राजनेता बने राज बब्बर को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा सीट पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा पर भरोसा जताया है। हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर के खिलाफ सतपाल रायजादा को टिकट दिया है। वहीं, महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट पर भूषण पाटिल को उम्मीदवार बनाया है।

यूपी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर पिछले दो लोकसभा चुनाव यूपी की फतेहपुर सीकरी सीट से लड़े थे। दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, आनंद शर्मा की बात की जाए तो वो कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ बिगुल फूंकने वालों में से एक रहे हैं। कांग्रेस के इन बागी नेताओं को जी-23 समूह कहा जाता था। हालांकि, कुछ ही महीनों में ये बगावत खत्म हो गई, लेकिन गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल जैसे नेताओं ने कांग्रेस छोड़कर अलग राह पकड़ ली। गुरुग्राम लोकसभा सीट पर छठे चरण में यानी 25 मई को चुनाव होंगे।

जैन गौरव श्री निर्मल कुमार सेठी की तृतीय पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित

रायपुर (विश्व परिवार)। देवशास्त्र गुरु के परम भक्त व्यवहार कुशल प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी सुप्रसिद्ध समाजसेवी, कर्मयोगी, प्राचीन तीर्थ जीर्णोधारक, जैन समाज की शान, भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के आधार स्तंभ, श्रद्धेय कीर्तिशेष श्री निर्मल कुमार सेठी जी की तृतीय पुण्यस्मृति दिवस पर श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन पंचायत शंकर नगर रायपुर ने समाज के हित में किए गए नेक कार्यों के लिए श्री सेठी जी को याद करते हुए उन्हें सभा के माध्यम से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की, इस दौरन मंदिर पंचायत समिति के अध्यक्ष श्री मनीष जैन, उपाध्यक्ष श्री अमिताभ जैन,सचिव श्री अमित जैन गोईल, कोषाध्यक्ष श्री देवेंद्र जैन, सह सचिव श्री संतोष जैन, श्री अमित जैन, श्री स्नेहा जैन, श्री अजय जैन रेलवे, श्री प्रसंग जैन आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

1 मई यानी अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

नवापारा-राजिम (विश्व परिवार)। इन मजदूरों को मजदूर दिवस से कोई सरोकार नहीं। पेट की आग इनके लिए हर दिन मजदूर दिवस की तरह है। प्रचंड गर्मी व तपती दुपहरी के बीच श्रम करने वाले मजदूरों को सिर्फ और सिर्फ मजदूरी करने से ही मतलब है। कर्म ही इनके लिए पूजा के समान है।

निजी विद्यालयों के मतदान केंद्र को व्यवस्थित करने निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि आये सामने

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सराहना करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की

रायपुर (विश्व परिवार)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों साथ बैठक की। निजी विद्यालयों के मतदान केंद्र को व्यवस्थित करने एवं मूलभूत आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति पर हुई चर्चा। शहरी मतदान प्रतिशत को शत-प्रतिशत करना के । निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बैठक में चर्चा किया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि आप सब मिलकर यह प्रयास करें कि अधिक से अधिक मतदाता आपके विद्यालयों वाले मतदान बूथों पर उत्साह से आये और मतदान करें। इस बार लोकसभा चुनाव का थीम ''चुनाव का पर्व, देश का गर्व''। हमें इस चुनाव को एक पर्व के रूप में मनाते हुए शत-प्रतिशत मतदान करना है। उन्होंने कहा कि आपसे उम्मीद है आप और आपके विद्यालय परिवार का पूरा सदस्य भी मतदान तो करें ही, साथ ही अपने विद्यालय परिवार के हर सदस्यों को भी मतदान करने की अपील करेंगे। आप में से हर व्यक्ति अपने-अपने विद्यालयों में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में आए प्रतिनिधियों ने कहा कि वे अपने विद्यालयों में पानी, बिजली, कुर्सी टेंट जैसे आधारभूत सुविधाओं के अलावा मानव संसाधन का भी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। एवं लोगो को मतदान करने के लिए भी प्रेरित करेंगे और यह प्रयास करगें कि शत-प्रतिशत मतदान हो। इस अवसर पर रायपुर ज़िला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप , सहायक ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री उमशंकर बंदे सहित समस्त निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

जनता भाजपा के साथ खड़ी है, अपने वोट की चोट से कांग्रेस को जवाब देगी : नितिन नबीन

2023 के विधानसभा चुनाव में जो समर्थन मिला उससे और अधिक इस बार भी भाजपा को समर्थन मिल रहा है, भगवान श्री राम एक परंपरा है भारत की संस्कृति है भारत का संस्कार है

लाठी चलाकर तो देखो जनता हमारे साथ खड़ी हैं अपने वोट की चोट से आपको जवाब देगी

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कोरबा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आज जो वातावरण है कहीं ना कहीं आज मोदी मय वातावरण दिख रहा है आज पूरे वातावरण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के काम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी लोगों की जुबान पर हैं। पहली बार छत्तीसगढ़ पूरी तरह से कीर्तिमान रचेगा और छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें कमल के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में जाएगी। आज छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा क्षेत्र में हमने भ्रमण किया है और सभी जगहों में हम मजबूत हैं और जिस प्रकार से माहौल है उसे देखकर लग रहा है कि जिस तरह से हमें 2023 के विधानसभा चुनाव में जो समर्थन मिला उससे और अधिक इस बार भी भारतीय जनता पार्टी को समर्थन मिल रहा है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से यहां भ्रष्टाचार हुए हैं यहां के लोगों के जहन में अभी भी है। जिस प्रकार से कांग्रेस और चरण दास महंत और उनके जो समर्थक है वह भी कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार में संयुक्त पाए गए हैं। वे सब करप्शन में भूपेश बघेल के शागिर्द बने रहे चाहे शिव डहरिया हो या फिर चरणदास महंत हो। इन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग एवं अभद्र टिप्पणियां की है। आज जनता उनको जवाब देने के लिए खड़ी है चाहे जांजगीर लोकसभा क्षेत्र हो या फिर कोरबा जनता उन्हें जवाब देने के लिए तैयार है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने भूपेश सवाल करते हुए कहा कि यह कांग्रेसी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्यों लाठी मारना चाहते हैं? क्यों उनके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं? क्योंकि कांग्रेस को डर है कि मोदी ने जो जनता की सेवा की है और कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर चोट किया है इसलिए कांग्रेस को डर है। मोदी ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया है इसलिए कांग्रेस को डर है। मोदी ने किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस दिया है। मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य को ट्राइबल मुख्यमंत्री दिया है। मोदी जी को लाठी मारने का जो सपना है उसका जवाब जनता अपने वोट की चोट से आपको देगी। कांग्रेस के लोग कहीं न कहीं अनर्गल बयानबाज़ी कर रहे है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को चुनौती देते हुए कहा कि हमारे भाजपा कार्यकर्ता खड़े हैं आप लाठी चलाकर तो देखो जनता हमारे साथ खड़ी हैं अपने वोट की चोट से आपको जवाब देगी। भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भूपेश बघेल की सीट बच रही हैं क्या? दावा कर सकते हैं।? महंत जी की लाठी ने डबल प्रहार किया है जो खेल खेला है जनता तो उसका जवाब दे रही है और महंत ने भूपेश बघेल से अपनी पुरानी दुश्मनी का हिसाब कर लिया है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जिसने सनातन परंपराओं पर चोट पहुंचाई सनातन धर्म का अपमान किया कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पुत्र के विरोध में कांग्रेसियों ने कुछ नहीं बोला। आज उनको शिव का अवतार बनने की इच्छा हो रही है उस समय टोपी पहनने बेताब थे। कांग्रेसी नेता राम को हराएंगे बोलते हैं भगवान श्री राम एक परंपरा है भारत की संस्कृति है भारत का संस्कार है। त्रेता में भगवान राम ने रावण को हराया था और इस समय कलयुगी रावणों की हार होगी। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक अकलतारा सौरभ सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल भी मौजूद रहे।

दिव्यांग शबनम ने की होम वोटिंग

रायपुर। निर्वाचन आयोग द्वारा 85 साल से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। हमारे दिव्यांगजन अपने हौसले के साथ मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसा ही एक उदाहरण रायपुर ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कांदुल में रहने वाली दिव्यांग बिटिया सुश्री शबनम यादव का है। उसने आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। पहले की तरह इस बार भी मतदान के अधिकार का उपयोग करने से उनके चेहरे में खिलखिलाहट थी लेकिन एक अंतर था।

नागपुर रेल मंडल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रेलवे स्टेशन एलएचएस पुशिंग का कार्य, फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

रायपुर (विश्व परिवार)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रेलवे स्टेशन एलएचएस पुशिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 08 से 10 मई, 2024 तक एवं 19 से 30 मई, 2024 तक किया जा रहा है। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसकी जानकारी इस प्रकार-

रद्द होने वाली गाडियां- दिनांक 08 से 10 मई, 2024 तक डोंगरगढ़ से चलने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।09 से 11 मई, 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 08713 गोंदिया-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 09 से 11 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08716 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) -गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 09 से 11 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08756 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 09 से 11 मई, 2024 तक रामटेक से चलने वाली 08751 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08754 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) -रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक रामटेक से चलने वाली 08755 रामटेक-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08714 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक बालाघाट से चलने वाली 08715 बालाघाट-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 08281 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- तिरोडी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक तिरोडी से चलने वाली 08284 तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक तुमसर रोड से चलने वाली 08283 तुमसर रोड-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक तिरोडी से चलने वाली 08282 तिरोडी- सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 06 से 08 मई, 2024 तक टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 18110 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 से 10 मई, 2024 तक नागपुर से चलने वाली 11201नागपुर- शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 09 से 11 मई, 2024 तक शहडोल से चलने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

अस्थायी रूप से रद्द होने वाली गाडियां- दिनांक 08, 10, 11, 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25, 27, 29 एवं 31 मई, 2024 को सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 11755 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07, 09, 10, 12, 14, 16, 17, 19, 21, 23, 24, 26 28 एवं 30 मई, 2024 को रीवा से चलने वाली 11756 रीवा- सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19 से 30 मई, 2024 तक नागपुर से चलने वाली 11201नागपुर- शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 20 से 31 मई, 2024 तक शहडोल से चलने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं...पेज-8 का शेष

आज से 10 वर्ष पूर्व एक समय ऐसा था जब देश की महिलाएं चूल्हे के धुएं से अस्वस्थ हो रही थी, लेकिन अब उज्वला योजना से उन्हें धुएं से मुक्ति मिली है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत महिलाओं को इज्जत घर मिला, आवास योजना में महिलाओं को प्राथमिकता से उन्हें सम्मान मिला और बेटी बचाओ-बेटो पढ़ाओ जैसे अभियान से बेटियों को उज्वल भविष्य की राह मिली है यह तभी संभव हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जैसा एक सशक्त और निर्णय लेने वाला नेतृत्व भारत को मिला। 2047 तक विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प में महिलाओं की भूमिका को भी अग्रणी रूप में देखा जा रहा है और उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि आज हमारे छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार निरंतर महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की दिशा में कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना से आज प्रदेश की लाखों माताओं-बहनों को आर्थिक सुरक्षा मिल रही है। महिला स्वसहायता समूह की बहनों को रेडी-टू-ईट का पुनः अधिकार देकर भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण के प्रति अपने लक्ष्य को प्रदर्शित किया है। आज हमारे छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न समाज की महिलाएं भी समाज सेवा से लेकर देश में अग्रणी भूमिका निभाते हुए अपने हुनर व कौशल से देश का नाम रोशन कर रही हैं। हमारा देश एक धर्म निरपेक्ष राज्य है और सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें सभी समाज की समान साझेदारी है और सभी समाज के योगदान विशेषकर महिलाओं के सहयोग से आज हमारा देश विकसित भारत के पथ पर अग्रसर हो रहा है। आज यहां महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताएं-बहनें भी उपस्थित हैं, उनके चेहरे पर दिख रही ख़ुशी और एक आत्मविश्वास देखकर मैं आश्वस्त हूँ कि आप सभी महिलाओं का सहयोग और प्रधानमंत्री जी की गारंटी के प्रति विश्वास से हम लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज कर मोदी जी को अपना आशीर्वाद जरुर प्रदान करेंगे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11168/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11168
वार्ड का नाम- 41 - दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569D00092** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ANIL KUMAR JOSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PUNDLIK RAO JOSHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SAURABH JOSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANIL KUMAR JOSHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11176/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11176
वार्ड का नाम- 41 - दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569E0451U** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ANIL JOSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SARANG JOSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. ANIL KUMAR JOSHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **DEATH CERTIFICATE, SAPATH PATRA**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री विमल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11174/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11174
वार्ड का नाम- 41 - दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569A00584** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PRANALI MATE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MUKESH KADU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SADHANA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VINOD KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11123/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11123
वार्ड का नाम- 68 - खूबचंद बघेल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 68 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567B0518A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAM SINGH SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAR SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DAULAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANGLU RAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11161/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11161
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR870I00581** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ARVIND AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VYAS NARAYAN AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANIL KUMAR SINHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAMUNA PRASAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11169/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11169
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801N00175** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AFTAB SHEKH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHEKH CHAND** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ROSHAN THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANHARAN SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कचना फेस-1,** रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजनांतर्गत **3बी.एच.के. फ्लैट बी टाईप-39, श्रीमती लता एम. भाम्मार पति श्री मनीष भाम्मार** के नाम पर एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा समस्त राशि जमा कर उक्त फ्लैट की सेलडीड दिनांक **30.08.2011** को पंजीकृत करने उपरांत इस कार्यालय का पत्र क्रमांक **10204** दिनांक **28.12.2011** द्वारा आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **श्रीमती लता एम. भाम्मार पति श्री मनीष भाम्मार,** पता- ब्लॉक बी, फ्लैट नं.-39 पंचम तल, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कचना, रायपुर (छ.ग.) पिन-492001 के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता **श्रीमती लक्ष्मी जी पति श्री भानुप्रकाश,** निवासी- 3, सारंगापानी नगर, 1 स्ट्रीट, डॉलर थोट्टम, माधवरम्, तिरुवल्लुर (तमिलनाडु) पिन-60060 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट के **विक्रय के संबंध में** किसी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई, रायपुर में **"अ" रेस्टोरेंट दुकान (भूतल-01) श्री राकेश वाधवानी पिता श्री सतीश वाधवानी, निवासी- म.नं.-34, सिमरन रेसीडेंसी, दलदल सिवनी, रायपुर (छ.ग.),** के नाम पर दुकान 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त दुकान को **फ्री-होल्ड** के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** सपरिवर्तन किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को दुकान का **फ्री-होल्ड** किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11170/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11170
वार्ड का नाम- 41 - दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569H00007** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PUSHPA PANDEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANAT KUMAR PANDEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MAMTA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMAL PRASAD SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11188/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11188
वार्ड का नाम- 41 - दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569D00483** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **OM PRAKASH GARG** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. NATTHIMAL GARG** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PREMANAND CHANDRAKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GYANESHWAR CHANDRAKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11163/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11163
वार्ड का नाम- 40 - ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560D00252** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. SULOCHANA NAGDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. RAMDEV NAGDEV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PUSHPA KALADIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. CHANDAN KALADIYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11162/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11162
वार्ड का नाम- 40 - ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560B00113** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ASHOK KUMAR SINHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. HARISHANKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NAJUL VIKAS KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMLESH KUMAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **MALMA BIKRINAMA, SAPATH PATRA**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11187/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11187
वार्ड का नाम- 40 - ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR560C00152** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NAJUL SHYAMLAL YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NAJUL SANGITA NISHAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ISHWAR LAL NISHAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **DEATH CERTIFICATE, SAPATH PATRA, SAHMATI PATRA**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री विमल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./11172/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 01-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11172
वार्ड का नाम- 41 - दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 41 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569C00264** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **REKHA RANJAN PATHAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RANJAN RAM PRAKASH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIVEK TRIPATHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHIMSEN TRIPATHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर गुरूवार 02 मई 2024

बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय पहुंची जिला सत्र न्यायालय

अधिवक्ताओं से भेंटकर मांगी समर्थन

कोरबा(विश्व परिवार)। सोमवार को बीजेपी नेत्री व कोरबा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार डॉ सरोज पांडेय ने अपने चुनावी जनसंपर्क के दौरान जिला न्यायालय पहुंची, जहां अधिवक्ता संघ व अन्य अधिवक्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। सरोज पांडेय ने न्यायालय में मौजूद सभी महिला व पुरुष अधिवक्ताओं से उनके पास पहुंचकर अपने पक्ष में समर्थन मांगते हुए 7 मई को भाजपा में मतदान करने अपील की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय के साथ न्यानयल परिसर मे बैठक आयोजित की जिसमे प्रत्याशी सरोज पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे कोरबा लोकसभा के अधिवक्ता न्याय दिलाने का काम करते है, अब विकास से अछूते हमारे कोरबा लोकसभा को न्याय दिलाने की आप सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि आज के युग में हर शहर हर गांव विकसित हो रहे है लेकिन हमारे कोरबा आज भी 100 आकांक्षी लोकसभा में से एक है। मैं यहां से बीजेपी की उम्मीदवार हूं आप सबके आशीर्वाद व समर्थन से मात्र 3 साल के भीतर कोरबा लोकसभा की तस्वीर व तकदीर बदलने का काम करूंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है और अब कोरबा की जनता कोरबा के विकास के लिए भाजपा को चुने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करे। मैं कोरबा को आधुनिक शिक्षा, स्वास्थ, एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ आधुनिकता से जुड़े हर उस क्षेत्र से जोड़ने का काम करूंगी जिससे हमारा कोरबा विकसित कोरबा में गिना जाये। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे और सभी से सरोज पांडेय ने परिचय और वार्ता किया और सभी ने अपने अपने विचार व सुझावों को प्रत्याशी सरोज पांडेय के समक्ष रखा। इस दौरान कार्यक्रम में अधिवक्ता विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेंद्र साहू, अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष गणेश कुलदीप, सचिव नूतन सिंग ठाकुर,वरिष्ठ अधिवक्ता आर एस अग्रवाल, ए एन मैठाणी, राजेंद्र पालीवाल, बी के शुक्ला, श्याममल मल्लिक, राजेंद्र पांडे, अखिलेश पांडे, अब्दुल रहमान, संतु प्रसाद साहू, राज कुमार अज्ञेय, राजेश्वर दीवान, किरण शांदिलय,विधि प्रकोष्ठ एवं अधिवक्ता संघ के सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

मुड़ापार क्षेत्र में कचरों से बजबजा रही नालियां

कोरबा(विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 26 मुड़ापार बाईपास रोड की नालिया कचरों से बजबजा रही है जिससे तेज सड़ांध निकल रहा है। और लोग काफी परेशानी है। बजबजाती नालियों से कचरा हटाने को लेकर यहां के निवासियों द्वारा सफाई कर्मियों के साथ साथ उनके दरोगा व ठेकेदार को कई बार शिकायत की गई । लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। सिर्फ आश्वासन देकर टालमटोल का रवैया अपनाया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि आचार संहिता व लोकसभा चुनाव में ड्यूबे का बहाना बनाकर निगम के अधिकारी सफाई कार्यो को ध्यान नही दे रहे है। जिसका फायदा ठेकेदार व सफाई कर्मियों द्वारा उठाया जा रहा है। और नाली की सफाई के प्रति लापरवाही बरत लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। क्षेत्र में नालियों की सफाई नही होने से मच्छारों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। जिससे मलेरिया व डेंगू नामक खतरनाक बीमारी के फैलने की आशंका है। क्षेत्र के लोगों ने निगम के उच्चधिकारियों से मांग की है कि बाईपास की बजबजाती नालियों की सफाई की व्यवस्था तत्काल करे। तथा संबंधित ठेकेदार पर एक्सन लें।

शाह के फर्जी वीडियो पर राज्य के दो मंत्री कोतवाली पहुंचे रिपोर्ट लिखाने

कोरबा (विश्व परिवार)। देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण को एडिट कर भ्रांति फैला रहे कांग्रेसियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कोतवालीथाना पहुंचे। उनके साथ वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष डा राजीव सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरयू अजय, राजेश लहरे, फूलसिंह कंवर, बबलू डहरिया, विजय कमलेश, धनेश्वर सिदार समेत अधिक संख्या में भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री देवांगन ने कहा कि अपनी हार सामने देखकर कांग्रेस अब स्तरहीन हथकंडे अपनाने से बाज नहीं आ रही। दशकों तक आदिवासियों, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग के लोगों को ठगते रहने वाली, वंचित समूहों का शोषण करने वाली कांग्रेस अब फिर से आरक्षण के विरुद्ध दुष्प्रचार कर रही है। देश के गृह मंत्री शाह के भाषण को भी गलत तरीके से एडिट कर भ्रांति फैलाया जा रहा है।

कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण : गुप्ता

कोरबा(विश्व परिवार)। एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर आरके गुप्ता महाप्रबंधक (संचालन), एसईसीएल कोरबा क्षेत्र द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया के कारपोरेट गीत का समवेत स्वर में गायन किया गया। कोल् इंडिया के चेयरमैन का संदेश को सुनाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बैज लगाया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि कोल् इंडिया में कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण है। जहाँ प्रति दिन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य के साथ उत्पादन करते है। सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। आज का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। जिससे कि प्रत्येक कर्मचारी अपने सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सके। मानिकपुर कोरबा क्षेत्र के कामगारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा कामगारों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी खानों में सुरक्षा धवज फहराकर सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति शपथ ली गई।

तेंदुए के हमले से ग्रामीण घायल

कोरबा(विश्व परिवार)। तेंदुए के हमले में एक ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया है। पसान वन परिक्षेत्र के ग्राम गोकुंडा तनेरा में यह घटना सामने आई है। ग्राम अमलकुंडा निवासी बजरु उरांव शौच के लिए पास के नर्सरी में गया हुआ था इसी दौरान यह घटना हुई। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार अमलीकुंडा गांव में रहने वाला एक ग्रामीण तेंदुए के हमले में बुरी तरह से घायल हो गया है,जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल का नाम बजरु उरांव है,जो ग्राम गोकुंडा तनेरा स्थित नर्सरी के पास शौच के लिए गया हुआ था,इसी दौरान तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। बजरु की चीख पुकार सुनकर आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तेंदुआ भाग खड़ा हुआ। लोगों की सहायता से उसे अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसका उपचार जारी है। इस घटना के बाद वन विभाग आस पास के क्षेत्र में मुनादी कर लोगों को तेंदुए से सतर्क रहने की अपील कर रहा है।

मतदाता जागरूकता रैली, सियान सदन से निहारिका क्षेत्र में निकली मतदाता जागरूकता रैली

आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जिला पंचायत सी.ई.ओ. की विशेष उपस्थिति में मतदाताओं को दिलाई मतदाता शपथ

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन से चलकर निहारिका क्षेत्र मुख्य मार्ग में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली समापन के पश्चात आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा की विशेष उपस्थिति में मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई तथा मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का आव्हान मतदाताओं से किया। लोकसभा निर्वाचन 2024 तक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहा है।निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई एवं सी.ई.ओ.जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में आज प्रात: 07 बजे से निगम की स्वच्छता दीदियों एन.यू.एल.एम. की सदस्यों तथा निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सियान सदन से चल कर निहारिका क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। आयुक्त सुश्री ममगाई एवं सी.ई.ओ.श्री मिश्रा ने रैली में सम्मिलित होकर सभी का उत्साहवर्धन किया तथा मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मताधिकार का उपयोग कर मतदान करने का आग्रह किया।

मड़ई व परला क्षेत्र में घूम रहे हाथियों का दल

कोरबा(विश्व परिवार)। जिले के कटघोरा वनमंडल के एतमानगर व केंदई रेंज में हाथियों की दहशत कायम है। जहां एतमानगर में 36 हाथियों का दल विचरण कर रहा है वहीं 12 हाथी केंदई रेंज में हैं। हाथियों के विचरण करने से ग्रामीण भयभीत हैं वहीं वन विभाग इन हाथियों की निगरानी मैदानी अमले के अलावा ड्रोन कैमरे से कर रहा है। हाथियों की लगातार निगरानी के बाद अभी क्षेत्र में हाथी ज्यादा उत्पात मचाने में सफल नहीं हुआ है लेकिन हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाए जाने की संभावना बनी हुई है, जिसे देखते हुए वन अमला सतर्क है। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों को खतरा भी बढ़ गया है। वन अमला गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों से हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल की ओर न जाने की सलाह दी जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 23 हाथी एतमानगर रेंज अंतर्गत मड़ई क्षेत्र तथा 13 पचरा में घूम रहे हैं, जबकि केंदई रेंज के लालपुर में 11 व एक हाथी साल्ही पहाड़ में मौजूद है। जिनकी निगरानी लगातार की जा रही है। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज के अमलडीह में 36 हाथियों की अचानक धमक हो गई थी जो आगे बढकर सरगुजा की सीमा पर चला गया है।

युवक-युवती में विवाद : हसदेव नहर में कूदी युवती को बचाया, युवक पुलिस के हिरासत में

कोरबा(विश्व परिवार)। सीतामढ़ी क्षेत्र में हसदेव लेफ्ट बैंक कैनाल में मंगलवार को सुबह युवती ने छलांग लगा दी। युवक के साथ कुछ देर उसका किसी बात पर विवाद हुआ। युवती के द्वारा की गई इस हरकत की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों ने शोर मचाया और पुलिस को जानकारी दी। नजदीक में मौजूद दो युवकों ने युवती को नहर से सुरक्षित निकालने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह 8 बजे के आसपास सीतामढ़ी क्षेत्र में हंसदेव नहर में यह घटना हुई। विकास महंत ने बताया कि वह अपने कुछ साथियों के साथ नजदीक में बैठकर चाय पी रहा था। उसे दौरान देखने को मिला की नहर पुल पर एक जोड़ा मौजूद है और उसके बीच किसी बात को लेकर बहसबाजी हो रही है । कुछ देर बाद युबक वहां से जाने लगा और युवती नहर में कूद गई। स्थानीय युवकों ने बिना देर किए नहर में छलांग लगा दी और युवती को बाहर निकाला । बताया गया कि बाद में मौके से फरार हो रहे युवक को भी पकड़ लिया गया जिसके कारण यह सब हुआ। इस मामले की जानकारी दिए जाने पर पुलिस की डायल 112 सर्विस के लिए काम करने वाले पुलिस जवान यहां पहुंचे जिन्होंने अपने वहां से युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। उसके शरीर में अधिक पानी चले जाने से बेहोशी की स्थिति बनी हुई है डॉक्टर के द्वारा उपचार शुरू कर दिया गया है। पुलिस के द्वारा आगे की जाने वाली जांच में पता चल सकेगा की पूरे प्रकरण के पीछे असली कारण क्या था।

जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है नारायण अवतार लेते हैं: आचार्य नूतन कुमार पांडेय

कोरबा(विश्व परिवार)। किसी का कद देकर उसकी योग्यता का आंकलन हमें नहीं करना चाहिए। भगवान श्री हरि ने अभिमानी राजा बलि का अभिमान तोडने 100 वें यज्ञ के पूर्ण होने से पूर्व 52 इंच के वामन अवतार में पहुंच 3 पग भूमि भिक्षा में मांग तीनों लोक नाप दिया। उक्त बातें ग्राम तिलकेजा से पधारे प्रख्यात कथावक्ता पंडित नूतन कुमार पांडेय ने रामलीला मैदान में जय शिवाजी महिला समिति द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा महापुराण यज्ञ के पंचम दिवस आयोजित कथा प्रसंग के दौरान कही। आचार्य श्री पांडेय ने कहा कि जीवन में हमें मर्यादित होना अत्यंत आवश्यक है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने सम्पूर्ण जगत को मर्यादा का पाठ पढ़ाया।आचार्य श्री पांडेय ने हनुमान जी की शक्ति एवं महिमा का बखान करते हुए कहा कि वे ऐसे देवता हैं जिनका प्रताप चारों युग में हैं। उनकी सिद्धि से संपूर्ण जगत वाकिफ है। आचार्य श्री पांडेय ने कहा कि जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है नारायण अवतार लेते हैं। अत्याचारी कंस का वध करने नारायण ने श्री कृष्ण रूप में अवतरित होकर सम्पूर्ण जगत को उसके अत्याचार से मुक्त किया। समूचे जगत में प्रेम का संचार किया। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कथा स्थल पर नयनाभिराम झांकी निकाली गई। सुरेश चंद्रा श्रीमती रिद्धि चन्द्रा के नन्हे पुत्र प्रीमांश तारणहार कान्हा लला बने । सुरेशचंद्र वासुदेव बने । दोनों की वेशभूषा ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा स्थल पर जैसे ही वासुदेव जी टोकरी में बाल कान्हा को लेकर वृंदावन रूपी पंडाल पर पहुंचे पुष्प वर्षा के साथ अभिनंदन किया गया। श्रोतागण झूम उठे। बाल कान्हा का प्रमुख यजमान रामनारायण श्रीमती सुमन श्रीवास सहित समस्त भक्तों ने पुष्पाहार पहना, पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सभी श्रोतागण नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की धुन पर खूब झूमे।

अच्छे से करें मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण, होगा निर्वाचन कार्य आसान-कलेक्टर

नटवर स्कूल में चल रहे मतदान दल के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

रायगढ़(विश्व परिवार)। सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में चल रहे जिला स्तरीय मतदान दलों के तृतीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि सभी प्रक्रिया का अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं पर्याप्त हैण्डऑन प्रेक्टिस करें जिससे निर्वाचन कार्य आसान होगा। उल्लेखनीय है कि नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में रायगढ़ विधानसभा के क्षेत्र के पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, नायब तहसीलदार श्री गिरीश निम्बालकर, बीईओ श्री शैलेश देवांगन उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा की दल के सभी सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया की भलीभांति जानकारी होना चाहिए, ताकि गलती की कोई गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि मॉकपोल के पश्चात सीआरसी करना तथा निर्वाचन समाप्त होने के पश्चात क्लोज करना ना भूले, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर समय का विशेष ध्यान रखा जाए, सभी दल सुनिश्चित करें कि वास्तविक मतदान 7 बजे से प्रारंभ हो जाए। उन्होंने मशीनों की सुरक्षा के संबंध में कहा की ईवीएम मशीनों में सबसे संवेदनशील वीवीपैट मशीन है, मतदान दिवस पर वीवीपैट को कमरे में रखने के पूर्व लाईट और सूर्य की रोशनी का बेहतर अवलोकन कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर 543 मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा की ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मतदान दलों को मेडिकल किट के साथ ही मतदान केंद्रों में कूलर, पेयजल एवं शेड की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से चैलेंज वोट, मशीनों के फिटिंग, रिप्लेस, सीलिंग, मॉक पोल, मतदान समय, टेस्ट वोट, सीआरसी जैसे मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर सभी समय का ध्यान रखते हुए वोटिंग कार्य तेजी से करेंगे ताकि भीड़ की स्थिति से निपटते हुए नियत समय में शत-प्रतिशत मतदान किया जा सके। उन्होंने मतदान दलों को अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि लोक सभा निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के बाद सभी दल सुरक्षित मतदान केन्द्र तक पहुंचे। सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह एवं कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज सृजन सभाकक्ष में बनाये गये सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सुविधा एवं सूचना के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उन्होंने पंजी संधारण का अवलोकन किया एवं मतदाताओं के संबंध में जानकारी ली।

संपादकीय

भारत से रिश्तों में खटास बढ़ने का अंदेशा लगा....

मालदीव में हुए चुनाव में मोहम्मद मोइज्जू के दल ने 71 सीटों पर जीत हासिल की है। राष्ट्रपति मोइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने बीसवी पीपुल्स मजलिस यानी संसद में कुल 93 में से 68 सीटें जीतीं। इसके गठबंधन साझेदारों मालदीव नेशनल पार्टी व मालदीव डेवलपमेंट एलायंस ने क्रमशः एक व दो सीट जीती। जो संसद के दो तिहाई बहुमत से अधिक है। पिछले साल चुनाव जीतने के बाद यह चुनाव उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक परीक्षा की तरह देखा जा रहा था। मुइज्जू की प्रचंड कही जा रही यह जीत चीन समर्थक व भारत विरोधी नीतियों के तौर पर देखी जा रही है। मौजूदा मजलिस में पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद सोलीह को भारत समर्थक माना जाता है। अब तक बहुमत में रहे उनके दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी ने पिछले दिनों मुइज्जू सरकार के मंत्रियों की नियुक्ति रोक दी थी। ताजा चुनाव में उन्हें भारी हार का सामना करना पड़ा। मालदीव की आर्थिक स्थिति बेहद चिंतनीय है। उस पर पहले ही भारी कर्ज है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष चेतावनी भी दे चुका है। मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद भारत से रिश्तों में आई खटास बढ़ने का अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है। कहा जा रहा है भारतीय सैनिकों की वापसी के फैसले के कारण ही उन पर मतदाताओं का भरोसा बढ़ा है। चीन इसका लाभ उठाने की संभावनाओं की तलाश में पहले ही है। वह करोड़ों डॉलर कर्ज दे चुका है। चीन के निमंत्रण पर वहां दौरा कर मुइज्जू भारत को स्पष्ट संकेत दे चुके हैं। वे यूएई व तुर्की भी गए पर भारत नहीं आए, जबकि इससे पहले अब तक वहां के राष्ट्रपति यहां आते रहे हैं। हम छोटे देश हैं, उसका मतलब यह नहीं कि हमें धौंस दिखाने का अधिकार है, मुइज्जू ने यह बयान भारत का नाम लिये बगैर दिया था। बल्कि उन्होंने अपनी रैली में साफतौर पर कहा कि चीन उन्हें नॉन लीथल हथियार मुफ्त देने को राजी है। इससे पहले ही चीन के साथ मालदीव सरकार के सैन्य समझौतों को लेकर भारत की चिंताएं बढ़ चुकी हैं। भारतीय पर्यटकों की पसंदीदा जगह होने के साथ ही मालदीव हम पर खाद्य व निर्माण सामग्री के लिए निर्भर होने के चलते रिश्तों को इतना बिगाड़ने से पहले सोचेगा जरूर। चीन से नजदीकी व लाभ के बावजूद दोनों देशों को शांतिपूर्ण संबंधों के भरसक प्रयास करने चाहिए।

मुस्लिम सियासत को चाहिए नई जुबान...

हुम्फहद जुबेरी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के समाप्त होने के बाद कई रिपोर्टों ने बताया कि मुसलमान इस चुनाव में रणनीतिक चुप्पी बरत रहे हैं। इसमें ध्रुवीकरण को रोकने के लिए उकसावे की किसी स्थिति में चुप्पी बनाए रखना, भारतीय जनता पार्टी को सीट-दर-सीट हराने के लिए स्थानीय उम्मीदवारी के मुताबिक रणनीतिक रूप से बड़ी तादाद में मतदान करना शामिल है। इस घटना से बड़े पैमाने पर लोकतांत्रिक दुनिया को चिंतित हो जाना चाहिए। सबसे पहले, यह हमें बताता है कि मुस्लिम मतदाताओं ने इस तथ्य को मंजूर कर लिया है कि लोकतंत्र में उनकी राजनीतिक भागीदारी सिर्फ बहुसंख्यक राजनीति से सुरक्षित रहने तक सीमित है। अधिकतर मुस्लिम शायद उन उम्मीदवारों को वोट देंगे, जो भाजपा को मजबूत चुनौती देते हुए दिखेंगे। यहां मुस्लिम वोट एक किस्म के संभावित खतरे का बंधक है और इसका कोई सियासी महत्व नहीं है। मुसलमान महज तरक्की के वादों के लिए अपने वोट का सौदा नहीं कर सकते। उन्हें लगता है कि उनकी मौन उपेक्षा हुई है, जिसका उन्हें बदला लेना है। उनकी चुप्पी यह भी दिखाती है कि मुसलमानों में दोहरी चेतना विकसित हो गई है, जहां उन्हें लगता है कि वे भारतीय समाज के ध्रुवीकरण में योगदान करते हैं, इसलिए उन्हें यह यकीन है कि उनकी चुप्पी ध्रुवीकरण को कम कर देगी। सच तो यह है कि अक्सर ध्रुवीकरण को निशाना बनाया जाता है और इससे फायदा भी उठाया जाता है। यह स्थिति बहुसंख्यकों के लिए नैतिक बदलाव और पिछले दशक में भारत द्वारा महसूस की गई दूरियों की जिम्मेदारी लेने में उनकी नाकामी की ओर भी इशारा करती है। यह चुप्पी हमें बताती है कि मुसलमान सामने नजर आने वाली सियासी भागीदारी से डरते हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पिछले दशक में कुछ जगहों पर मुस्लिमों के सियासी कदमों को

राज्य का प्रतिकूल रवैया भी झेलना पड़ा है। कुछ उदाहरणों को छोड़ दीजिए, तो आज भी मुस्लिमों के अधिकार चुनावी मुद्दे नहीं बन सके हैं। इस चुप्पी और राजनीतिक उपेक्षा के सामने युवा मुसलमानों को आज सियासत की एक नई भाषा या जुबान विकसित करनी पड़ेगी। अव्वल तो हमें उस ऐतिहासिक मान्यता को नामंजूर कर देना होगा, जिसके तहत यह समुदाय भारत में रहे मुस्लिम बादशाहों और आज के मुसलमानों को जोड़कर देखता है। गौर कीजिए, संघ परिवार द्वारा बनाए गए नजरिये को अगर देखें, तो वह भारत के मुस्लिम बादशाहों को बाहरी आक्रमणकारी के रूप में ही पेश करता है और आज के मुसलमानों को ऐतिहासिक आक्रांताओं के ध्वजवाहक के रूप में चित्रित करता है। यह सोच, मुसलमानों को एक ऐसे कोने में धकेल देती है, जहां बहस का महज एक मकसद रह जाता है, समुदाय का अलग-थलग हो जाना। जरूरी है कि मुसलमान इस जाल को तोड़ फेंकें और इस हकीकत का इजहार करें कि मुस्लिम बादशाहों के साथ उनका उतना ही जुड़ाव है, जितना बाकी हिंदुओं का है। भारत में मुस्लिम शासन ने सामान्य रूप से भारतीय तहजीब में बड़ा योगदान दिया है और उसे आकार भी। बदलाव के ये तमाम सांस्कृतिक आकार-प्रकार भारतीय हैं, सिर्फ मुस्लिम नहीं। मिसाल के लिए, उर्दू सिर्फमुसलमानों की जुबान नहीं है, बल्कि भारत की एक स्थानीय भाषा है। इस विशेष समुदाय की राजनीति को आज आधुनिक राष्ट्र के साथ तालमेल कर चलना चाहिए। राष्ट्र की मुख्यधारा में अपना दावा पेश करना चाहिए। देश की एक जातीय-राष्ट्रवादी राजनीति आधुनिक भारत में मूल निवास के दावे के साथ हिंदुओं की श्रेष्ठता को स्थापित करने की कोशिश करती रहती है। इस कहानी में यदि कोई मुसलमान अपनी हिंदू विरासत को मंजूर करता है, तो उसे घर वापसी के लिए कहा जाता है। दूसरी ओर, अगर वह अपने पूर्वजों को हिंदू नहीं मानता, तो इसका सीधा मतलब है कि उसके पूर्वज बाहर से आए थे और उन्होंने हिंदुओं पर निर्मम आक्रमण किया था। कुछ लोगों की कोशिश हो सकती है कि किसी भी तरह से मुसलमानों को भारतीय राष्ट्र से संबंधित होने से वंचित कर दिया जाए। मुस्लिम सियासत की नई जुबान जातीय-राष्ट्रवादी बुनियाद को खारिज कर दे और आधुनिक राष्ट्र-राज्य पर समान दावा पेश करे। इस नई जुबान में इतिहास को समाप्त कर देना चाहिए और हक का दावा समकालीनता में निहित होना चाहिए। 13 अगस्त, 1947 से पहले जाने की जरूरत नहीं है। एक और बात, मुस्लिम राजनीति की नई जुबान को एकजुटता की राजनीति का विकास करना चाहिए और अपनी अलग पहचान की राजनीति के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इधर, अनेक विद्वानों ने मुस्लिमों द्वारा चुनाव में एकमुश्त वोट की आलोचना की है। एक शोध से यह पता चला है कि मुसलमानों ने 2019 के आम चुनाव के बाद से भारतीय जनता पार्टी के खिलाफज्यादा एकजुटता से मतदान किया है। इस समुदाय की सियासी दिशा को एक सामाजिक चेतना में तब्दील होना चाहिए, जो व्यापक समाज की एकजुटता पर आधारित हो। डॉक्टर आंबेडकर का मैत्री का विचार, उत्तर प्रदेश में कांशीराम की बहुजन भाषा और गुजरात में माधव सिंह सोलंकी की कोली क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी और मुस्लिम की मिली-जुली राजनीति प्रेरणा के अच्छे उदाहरण हैं। एकजुटता की राजनीति साझा पहचान पर निर्भर नहीं करती, बल्कि ऐसे गठबंधनों को सक्षम बनाती है, जो राजनीतिक सहानुभूति के आधार पर सभी पहचानों को तोड़ सकते हैं। हर समुदाय से खुद को जोड़कर देखना होगा। उदाहरण के लिए, जब छत्तीसगढ़ में किसी चर्च पर हमला होता है, तो एकजुटता महसूस करने के लिए एक मुसलमान का ईसाई होना जरूरी नहीं है। मुस्लिम राजनीति हर पूजा स्थल के लिए समान रूप से आवाज उठाए। देश के प्रति सहज सहानुभूति वास्तव में पूरे समाज में व्यापक रूप से राजनीतिक प्रेरणा का काम करेगी। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी इस चुनावी मौसम में मतदान कर रही है, अनेक कारण हैं, जिनसे समुदाय विशेष ने चुप्पी धारण कर रखी है। उपेक्षा से पैदा हुआ शून्य ही शायद इस समुदाय को नई सोच, नई सियासत के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही, बहुसंख्यक प्रधान भारत में भारतीय मुस्लिम होने का मतलब समझाएगा।

विचार

विवाद को आगे न बढ़ाया जाए

अवधेश कुमार

आशा की जानी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय का आगामी आदेश अंतिम होगा। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जैसी टिप्पणियां की एवं याचिकाकर्ता से तीखे प्रश्न किया उनसे अनुमान लगाया जा सकता है कि फैसला क्या होगा। पिछले महीने ही सर्वोच्च अदालत ने ईवीएम से संबंधित दो याचिकाएं खारिज की थी। न्यायालय ने एक याचिकाकर्ता पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था। वस्तुतः शीर्ष अदालत ईवीएम से जुड़ी 40 याचिकाएं अभी तक खारिज कर चुका है। सामान्यतः यह बात समझ में नहीं आती कि चुनाव आयोग के साथ विसनीय विशेषज्ञ द्वारा बार-बार स्पष्ट करने के बावजूद की ईवीएम से न छेड़छाड़ हो सकती है न ही इसे हैक किया जा सकता है; इसके द्वारा चुनाव न कराने का अभियान क्यों लगातार जारी है? सर्वोच्च अदालत में भी इस पर बहस हो चुकीं हैं, फैसले आ चुके हैं। उच्च न्यायालयों ने दो दर्जन से ज्यादा इस पर फैसले दिए हैं। सभी में न्यायालय ने चुनाव आयोग के इस दावे को स्वीकार किया है कि ईवीएम से मतदान कराया जाना सुरक्षित और विसनीय है। तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है? यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं कि ईवीएम एवं भारतीय राजनीति की विडंबनाओं का शिकार हो चुका है। इसी ईवीएम से जब राज्यों में विपक्ष जीतता है या 2004 एवं 2009 में यूपीए की सरकार गठन में इसका योगदान होता है तो वर्तमान विरोधी प्रश्न नहीं उठाते। हालांकि भाजपा की ओर से भी एक समय ईवीएम को इस अविसनीय बनाने की कोशिश हुई थी किंतु बाद में उसने इस अध्याय को पूरी तरह बंद कर दिया। ऐसा लगता है जैसे भारत के संपूर्ण लोकतंत्र और व्यवस्था को ही आम लोगों से लेकर संपूर्ण विश्व की दृष्टि में संदिग्ध, अविसनीय और साखविहीन साबित कर देने का सोचा समझा अभियान चल रहा हो। कल्पना करिए, अगर भारत सहित दुनिया भर में लोगों के एक बड़े समूह के अंदर यह बात बिठा दिया जाए कि भारत के सत्तारूढ़ पार्टी और गठबंधन ईवीएम में छेड़छाड़ कर चुनाव जीतता है जबकि उसे जनता वोट नहीं देती तो हमारी क्या छवि बनेगी? भारत का संसदीय लोकतंत्र, यहां का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव विश्व के लिए एक बड़ा उदाहरण है। विश्व भर के टिप्पणीकार , विश्लेषक, राजनेता बताते हैं कि भारत जैसे विविधताओं वाले देश में इतने भारी मतदाताओं का मतदान संपन्न कराकर लोकतंत्र का चक्र बनाए रखना अद्भुत सफलता है। यही सच भी है। अनेक देशों ने हमारे चुनाव आयोग और एवं का सहयोग लेकर अपने यहां भी चुनाव संपन्न कराए हैं, लेकिन हमारे यहां के राजनीतिक दल, उनसे जुड़े वकील, कुछ एक्टिविस्ट, एकेडमिशियन, एक्टिविस्ट वकीलों का एक बड़ा वर्ग ईवीएम के विरुद्ध किसी न किसी तरह न्यायालय का उपयोग करते हुए या अन्य माध्यमों से अपना अभियान चलाते रहते हैं। हमने देखा कि 2019 के चुनाव के पहले लंदन से लेकर अमेरिका जैसे देशों में भारत के ईवीएम को लेकर डेमो हो रहा है, बयान दिए जा रहे हैं। यह बात अलग है कि चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को जब भी चुनौती दी कि आइए हमारे समक्ष एवं से छेड़छाड़ साबित करिए तो कोई नहीं गया। जिस आम आदमी पार्टी के नेता पत्रकार वार्ता में एक नकली ईवीएम लेकर इसमें छेड़छाड़ साबित कर रहे थे वह भी चुनाव आयोग तक नहीं पहुंचे। साफ है कि इसके संबंध में जो भी आशंकाएं उठाई गई? वो निराधार हैं। वर्तमान मामले में ही अलग-अलग तरह के तर्क दिए गए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से प्रस्तुत याचिका में वकील प्रशांत भूषण ने एक प्रस्तुति भी दी जिसमें साबित किया गया कि ईवीएम विसनीय प्रणाली नहीं है और हमें मत पत्रों से चुनाव की ओर लौटना चाहिए। उन्होंने यह भी विकल्प दिया कि अगर ईवीएम से करना ही है तो वीवीपैट की बनावट ऐसी हो कि उसमें से हर मतदाता को उनके वोट की पर्ची मिल जाए। जब उन्होंने पश्चिम जर्मनी का उदाहरण दिया तो उच्चतम न्यायालय ने पूछा कि वहां की आबादी कितनी है। सच है कि 7-8करोड़ आबादी वाले देश का उदाहरण 98 करोड़ से ज्यादा मतदाता वाले देश के संदर्भ में देना स्वीकार नहीं हो सकता। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि मत पत्रों से मतदान के दौरान क्या होता था।

समाज का स्याह और चमकीला पहलू....

जयंती रंगनाथन

एक चरित्र 'चमकीला' की इधर बहुत चर्चा है। क्या एक 'चमकीला' हम सबके भीतर रहता है? सालों पहले मुंबई में एक लावणी-प्रस्तुति के दौरान मेरे एक मित्र मराठी गीत के बोल मुझे हिंदी में अनुवाद करके बता रहे थे। कह रहे थे कि ये प्रसिद्ध मराठी लोकगीत है। उन्होंने बचपन में मोहल्ले की औरतों को गाते सुना था- अत्तराचा फाया तुम्ही मला आण राया/ विरहाचे ऊन बाई/ देह तापवून जाई/ धरा तुम्ही माझ्यावरी/ चंदनाची छाया। मतलब - इत्र के फाहे तुम मेरे लिए ले आना, बाहर की आग से ज्यादा मेरे अंदर है आग। तुम अपनी चंदन सी छाया मुझे ओढ़ा देना। पिछले सप्ताह ओटीटी पर पंजाब के लोकप्रिय लोक गायक अमर सिंह चमकीला की जिंदगी पर बनी फिल्म देखते हुए मुझे उस लावणी गीत की बेतहाशा याद आई। चमकीला पंजाबी में ऐसे ही गाने लिखते और गाते थे। वह कहते थे, मैंने बचपन में यही सब देखा है। गाने के बोल उन्होंने अपने आसपास की जिंदगी से उठाए। ऐसी जिंदगी, जो गांव-देहात और कस्बों में आम लोग जीते थे। 1960 में पंजाब के एक छोटे से गांव दुगरी के दलित सिख परिवार में जन्मे धन्नी सिंह का बस एक छोटा सपना था इलेक्ट्रिशियन बनने का। धन्नी सिंह को तुंबी बजाने का शौक था। लुधियाना के एक कपड़ा मिल में काम करते हुए धन्नी को लगा कि उन्हें अपने मन का कुछ करना चाहिए। वह अपने मन से गीत बनाने लगे। ऐसे बोल, जो उस समय पसंद किए जाते थे। उन बोलों में खिलंदड़ापन भी था, बदमाशी, छेड़छाड़ भी थी और प्रेम व अश्लीलता भी। रातोंरात अमर सिंह चमकीला पंजाब का सितारा बन गए थे। उनके लिए एक खिताब भी गढ़ा गया- पंजाब का एल्विस प्रेस्ली। चमकीला को सुनने गांव-देहात की महिलाएं भी आती थीं, जो उनको सुनने के लिए घरों की छतों पर जम जाती थीं। 1980 के दशक में उनके गीतों के कैसेट पंजाब में रिकॉर्ड तोड़ बिकते थे। लेखक-निर्देशक इम्तियाज अली ने अमर सिंह चमकीला की भूमिका में पंजाब व बॉलीवुड के एक चिर-परिचित चेहरे दिलजीत दोसांझ को लिया है। यह फिल्म एक दौर का दस्तावेज भर नहीं है। हालांकि, फिल्म में चमकीला की जाति को लेकर न्यूनतम जिक्र हुआ है, लेकिन उनके निधन के 36 साल बाद आज भी यू-ट्यूब और दूसरे चैनलों पर उनके एक करोड़ से अधिक श्रोता हैं। प्रसिद्ध संगीतज्ञ और लेखक गिब स्क्रेफ्लर ने अपनी किताब में चमकीला और अमरजोत को 'कमर्शियल फोक गायक' कहा है। उन्होंने लिखा है, उनका मकसद लोगों का मनोरंजन करना था। कोई अचरज नहीं, चमकीला पर फिल्म आने के बाद अचानक गूगल, यू-ट्यूब, स्पॉटीफाई और अन्य सोशल मीडिया में लोग उनके बारे में जानने को उत्सुक हो गए हैं। एक लोकगायक बड़े सामाजिक विमर्श की वजह बन गया है। प्रश्न यह है कि क्या चमकीला आज भी प्रासंगिक हैं? क्या उन पर जो आरोप चार दशक पहले लगे थे, वे सही थे? क्या फिल्म बनाकर एक 'अश्लील' गायक को महिमामंडित किया जा रहा है? वैसे, अश्लीलता की परिभाषा बहुत महीन है। गौर कीजिए, हमारे देश की नाना लोक संस्कृतियों में द्विअर्थी गाने सदियों से गुंथे हुए हैं। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक। जब यह सब शुरू हुआ होगा, तब मनोरंजन और प्रहसन के लिए कोई आधुनिक माध्यम नहीं था। सामाजिक परिवेश भी अलग था। त्योहारों और मेल-मिलाप के दौरान मस्ती के माहौल में कुछ रियायतें ले ली जाती थीं। प्रेम, यौनिक ठिठोली, छेड़छाड़ और वर्जित विषयों पर चुटकियां लेना आम बात थी। अगर आप देखें, तो शादी-ब्याह में गाली वाले प्रहसन, गीत, महाराष्ट्र में लावणी, हिमाचल की सीमा के आसपास मनाया जाने वाला पर्व होलाच, औरंगाबाद का देव उत्सव, होली में फगुआ के दौरान वही पुरानी परंपरा और लोक गाने देखने-सुनने को मिलते रहे हैं। भोजपुरी, मगही, बुंदेली और मैथिली के लोकगीतों में भी मानव भावनाओं का अपेक्षाकृत स्याह, मगर चमकीला-सा पहलू बार-बार उभर आता है। ऐसे गीतों का हमारे समाजों में हमेशा से विशेष स्थान रहा है। ऐसे गीत गुजरात में भी गाए जाते थे और कन्नड़ में भी। दुनिया के मशहूर लेखकों में शुमार सआदत हसन मंटो और इस्मत चुगताई पर सालों तक अश्लील लेखन का तमगा लगा रहा और उन्हें अदालतों में भी घसीटा गया। मुख्यधारा के साहित्य से भी कभी अश्लीलता को दूर नहीं किया जा सका, अक्सर विमर्श को इस दिशा में मोड़ दिया गया कि अश्लीलता देखने या सुनने वाले की निगाह या मन में है। यह तर्क तो और भी पुराना है कि लोग सुनते हैं, इसलिए ऐसे गीत बनते हैं। दुनिया का शायद ही कोई ऐसा कोना या समाज होगा, जहां थोड़ी मात्रा में रचनात्मक अश्लीलता न होगी। तमिल फिल्मों के शीर्ष निर्देशक मणिरत्नम ने भी तकरीबन अपनी हर फिल्म में एक द्विअर्थी और भदेस गीतों का इस्तेमाल किया है। रोजा फिल्म के गीत रुक्मिणी, शादी के बाद क्या-क्या हुआ गीत के संदर्भ में उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था, 'मैंने बचपन से यही देखा है। मोहल्ले में किसी की भी शादी हो, हर कोई आनंद में डूबने लगता है, संवाद की शैली बदलने लगती है। बड़े-बूढ़ों को छेड़ना, ढके-छिपे शब्दों में यौन संबंधों की बातें करना, यह सब बहुत सामान्य हो जाता है। लगभग सबको इसमें मजा आता है। हम इसे केवल अश्लील कहकर दबा नहीं सकते।' यह सही है कि अश्लील और श्लील के बीच का सूत भर का फर्क सालों में मिटता चला गया है। इसके पीछे कई वजहें रही हैं। तेजी से बदलता हमारा समाज, शिक्षा, जीवनशैली और सोच। गांव अब गांव नहीं रह गए। हर कहीं एक शहर घुस आया है और शहरों की लंपटता व लिप्सा के आगे कोई टिक नहीं पाया। कोई सीमा नहीं रह गई। कोई सेंसरशिप नहीं रह गया। न सोच में, न विचार में। सवाल यह भी उठता है कि अश्लीलता की आड़ में अनेक युवा मनमानी करते हैं। समाज में लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं।

न्याय में तेजी लाएंगे तीन नए कानून

विभूति नारायण राय

देश अपनी अठारहवीं लोकसभा को चुनने में व्यस्त है और चुनावों के शोर-शराबे में एक महत्वपूर्ण चर्चा गुम हो गई है। शनिवार 20 अप्रैल को राजधानी नई दिल्ली के एक सेमिनार में बोलते हुए देश के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम को इंगित करते हुए कहा कि हाल में भारतीय संसद में पारित तीन नए कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के साथ भारत का आपराधिक न्याय संबंधी कानूनी ढांचा एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि ये तीनों कानून पहली जुलाई से अस्तित्व में आ जाएंगे। खुद प्रधान न्यायाधीश के शब्दों में, 'मैं समझता हूं कि संसद द्वारा इन तीन नए कानूनों को पारित करने से यह स्पष्ट संदेश मिलता है कि भारत अब बदल रहा है। भारत आगे बढ़ रहा है और हमें अपने समाज के भविष्य के समक्ष आने वाली रोजमर्रा की चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी औजारों की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने प्रचलित के स्थान पर नए कानूनों के पारित होने को एक ऐतिहासिक क्षण बताया, क्योंकि उनके शब्दों में 'दूसरे कोई भी कानून हमारे समाज की रोजमर्रा की गतिविधियों को इन फौजदारी कानूनों से अधिक प्रभावित नहीं करते।' ऐसा क्या है इन तीन संशोधित कानूनों में, जिनके चलते प्रधान न्यायाधीश को इनका संसद में पारित किया जाना युगांतकारी लगा? इसके लिए जरूरी है कि जिन तीन कानूनों की जगह ये नए कानून ले रहे हैं, उनकी पृष्ठभूमि, उद्देश्य और दीर्घकालीन भूमिका को समझ लिया जाए। साल 1857 के विद्रोह को दबाने और ईस्ट इंडिया कंपनी से शासन अपने हाथ में लेने के बाद ब्रिटिश शासकों को संसद द्वारा पारित ऐसी संहिताओं की जरूरत महसूस हुई, जिनसे वे अपना शासन तो सुरक्षित कर ही लें और साथ

यह भी दावा कर सकें कि उनकेउपनिवेश भारत में कानून और कायदे का राज्य है। इसी मकसद से 1860 के दशक में तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इंडियन एवीडेंस ऐक्ट) ब्रिटिश संसद से पारित होकर, कुछ अपवादों को छोड़कर, देश भर में लागू किए गए। इन कानूनों को बनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य तो 1857 जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना और दुनिया को ब्रिटिश राज्य के न्याय प्रिय होने का संदेश देना था, पर इनके चलते भारतीय समाज ने अभूतपूर्व सांस्कृतिक झटके महसूस किए। यह पहला मौका था, जब वर्णाश्रम पर आधारित इस समाज में न्याय के सामने सभी नागरिक समान समझे जाने वाले थे। समान अपराध के लिए ब्राह्मण और शूद्र को एक समान दंड मिलता और दोनों की गवाही की कीमत भी समान होती। मैकाले की बनाई दंड संहिता बहुत ही विस्तृत और मानव जीवन के हर पहलू को छूने वाली थी। यह हुआ भी, पर तेजी से बदलती दुनिया में कोई भी व्यवस्था डेढ़ सौ वर्षों से अधिक समय तक अपरिवर्तनीय नहीं रह सकती। एक औपनिवेशिक शासन के सुदृढ़ बने रहने में मदद करने के लिए बनाई गई संहिताओं ने बखूबी अपनी भूमिका निभाई, पर क्या एक स्वतंत्र भारत में इन्हें बदला नहीं जाना चाहिए था? विकास के पथ पर तेजी से बढ़ने की कोशिश करने वाले समाज में स्वाभाविक रूप से बड़ी आर्थिक हलचलें होनी थीं और इनसे आर्थिक अपराधों की नई श्रेणियां निर्मित होनी थीं। बहुत सारी उप-राष्ट्रीयताओं को एक बड़ी राष्ट्रीयता में समाहित करने की दुष्कर प्रक्रिया भी लंबी खिंचनी थी। इन सबसे अधिक पराधीनता में रहने के आदी नागरिकों के विशाल समूह को किसी स्वतंत्र गणतांत्रिक समाज का नागरिक बनाना भी कोई आसान काम नहीं था। इन सबके लिए जरूरी था कि हमारे कानूनों को बदलते यथार्थ के अनुकूल बनाया जाए। यह अलग बात है कि आजादी हासिल करने के 75 वर्षों बाद ही ये बहुप्रतीक्षित परिवर्तन हो सके। हममें से जिनका भी साबका भारतीय न्याय प्रणाली से पड़ा है, उनमें से शायद ही किसी के अनुभव सुखद रहे हों। एक अनुभव जिससे सभी सहमत होंगे कि न्याय हासिल करने की पूरी प्रक्रिया बड़ी उबाऊ और थका देने वाली होती है। दीवानी मुकदमों में तो कहावत ही है कि किसी भी वाद का फैसला तीसरी पीढ़ी में होता है। फौजदारी अदालतों की रफ्तार का अंदाजा सिर्फ एक प्रकरण से लगाया जा सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ जब पहला आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ, तब उसकी उम्र 17 साल थी और जब उसे पहली सजा मिली, उसकी उम्र 57 साल हो चुकी थी। नए कानूनों के अनुसार, किसी फौजदारी मुकदमे में तीन साल के अंदर फैसला हो जाना चाहिए। यह एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि आज के दिन तो पीड़ित को छोड़कर सारे भागीदारों-जिम्मेदारों की दिलचस्पी मुकदमे को लंबा खींचने में होती है। न्याय के इन भागीदारों में पुलिस, वादकारी, वकील सभी शरीक हैं। न्यस्त स्वार्थ कोई न कोई नुक्ता तलाश कर मुकदमे की कार्यवाही को लंबा घसीटते रहते हैं और नतीजतन मुख्तार अंसारी जैसे धनवान बाहुबली दशकों छुट्टे घूमते रह सकते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि नई व्यवस्था कैसे फैसलों के लिए तीन साल की अवधि सीमा लागू करवा सकेगी।गृह मंत्री अमित शाह और उनके मंत्रालय को जहां वर्षों की जद्दोजहद के बाद पुरानों को बदलकर नए कानून लाने की शाबाशी मिलनी चाहिए, वहीं उन्हें न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की यह सलाह भी याद रखनी होगी कि 1 जुलाई से लागू होने वाले इन कानूनों की सफलता या सार्थकता इन्हें लागू करने वालों की इच्छाशक्ति और नेकनीयती पर निर्भर करेगी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के अनुसार, इनके सफल कार्यान्वयन के लिए जरूरी है कि हम अपने फोरेंसिक विशेषज्ञों की क्षमता वृद्धि के लिए पर्याप्त निवेश करें, विवेचनाधिकारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था करें और अदालती निजाम को सुधारने के लिए संसाधनों की कमी न होने दें। उनके अनुसार, नए कानूनों का सकारात्मक प्रभाव दिखाने के लिए बिना विलंब अधिकतम निवेश करने की जरूरत है।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, गुरुवार 02 मई 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

आचार्य श्री विनम्रसागर जी महाराज का 12 साधुओं के साथ आज श्री दिगंबर जैन धर्मनाथ मंदिर बंटीनगर से मंगल अगवानी की जाएगी

विदिशा (विश्व परिवार)। गणाचार्य विरागसागर महाराज के शिष्य आचार्य श्री विनम्रसागर जी महाराज का 12 साधुओं के साथ 2 मई गुरुवार को प्रात: 7:30 बजे श्री दिगंबर जैन धर्मनाथ मंदिर बंटीनगर सागर पुलिया के पास से मंगल अगवानी की जाएगी। श्री सकल दिगम्बर जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कवि हृदय आचार्य विनम्रसागर जी महाराज भक्तामर बाले बाबा के नाम से जाने जाते है एवं उनकी प्रमुख रचना है 'जीवन है पानी की बूंद' श्री सकल दि. जैन समाज ने सभी धर्म श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि वह 7:30 बजे श्री धर्मनाथ मंदिर सागर पुलिया पर पहुंचने की कृपा करें।

कंसारी समाज द्वारा भजन कीर्तन के साथ निकाली जा रही प्रात: प्रभात फेरी

नवापारा-राजिम (विश्व परिवार)। नगर कंसारी समाज के तत्वावधान में प्रतिदिन सुबह 4:30 बजे से नगर के मध्य में विराजमान श्री सत्यनारायण मंदिर से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। समाज की भजन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन के साथ ही यह प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गो सदर रोड, गंज रोड होते हुए वापस मंदिर में आकर समाप्त होती है। समाज के युवा प्रभात फेरी में अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। समाज के युवा संगठन के अध्यक्ष गोविंदा कंसारी ने बताया कि पूरा त्यौहार वैशाख महीने में पड रहा है वैशाख मास को पून्य महीना मानते हुए पूरे वैशाख महीने भर यह प्रभात फेरी निकाली जाएगी। श्री सत्यनारायण मंदिर (कंसारी समाज) से निकाली जा रही प्रभात फेरी में नंद कुमार कंसारी, लालजी कंसारी, रमेश कंसारी, गोविंद कंसारी, संतोष कंसारी, तुकाराम कंसारी, रोहित कंसारी, राम कंसारी, मिथिलेश कंसारी, विक्की कंसारी, सहित अन्य लोग शामिल है।

होम वोटिंग की सुविधा से 105 वर्षीय कन्हैया राम ने किया मतदान, परिजनों ने दिया निर्वाचन आयोग को धन्यवाद

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा चुनाव-2024 में निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है। ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कांदुल साहूपारा निवासी श्री कन्हैया राम बंछोड की उम्र 105 वर्ष की उम्र में लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाने का जज्बा दिखा। आज उनके घर मतदान दल जब पहुंचा तो वे और उनके परिजन खुशी से खिल उठे। मतदान दल में तहसीलदार श्रीमती तुलसी राठौर सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने सबसे पहले जाकर उनके परिजनों को श्री कन्हैया राम को बुलाने का आग्रह किया। उस समय क्षण भर के ही भीतर श्री कन्हैया लाल वोटिंग टीम के पास पहुंच गए। दल के सदस्यों ने प्रक्रिया शुरू की और श्री कन्हैया ने अंगुठा लगाकर प्रक्रिया पूर्ण की। उनकी अंगुली पर अमिट स्याही लगाई गई उसके बाद उन्होंने मतदान किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। श्री कन्हैया राम बंछोर के सुपुत्र हृदय सिंह बंछोर ने बताया कि उनके पिता का जन्म वर्ष 1919 में हुआ। वे हमेश निर्वाचन प्रक्रिया में हिस्सा लेते रहे मतदान करते रहे। उनके सुपुत्र ने कहा कि उनकी स्वयं की उम्र 60 वर्ष है। उन्होंने हमेशा अपने पिता को मतदान करते देखा है। मगर आज इस उम्र में आने के बाद उन्हें मतदान केन्द्र जाने में तकलीफ हो रही है।

सराकोद्धारक जैनाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की जन्म जयंती पर हुए विभिन्न आयोजन

मुरैना (विश्व परिवार)। सराकोद्धारक जैनाचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज का 68वा अवतरण दिवस विभिन्न धार्मिक एवम सामाजिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मुरेना में 01 मई 1957 को जन्में परम पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के 68वें अवतरण दिवस पर जैन मंदिर ज्ञानतीर्थ एवम बड़ा जैन मंदिर मुरेना में विशेष आयोजन किए गए। प्रात: कालीन बेला में श्री जिनेंद्र प्रभु का जलाभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवम पून्य आचार्यश्री की अष्टद्रव्य से पूजन की गई। बड़ा जैन मंदिर मुरेना के प्रवेशद्वार पर अन्न दान के तहत विशाल भंडारा किया गया। जिसमें सभी आमजनों को भोजन व मीठा पानी वितरित किया गया। इस भीषण गर्मी में शीतल पेय एवम अन्न प्रसादी पाकर सभी आमजन काफी आनंदित हुए। समाज के महिला मंडलों द्वारा बधाईयों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने पूज्य गुरुदेव का गुणगान करते हुए मंगल गीत गाए। रात्रि को संगीतमय आरती के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम शुभारंभ से पूर्व आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज के चित्र का अनावरण प्रेमचंद जैन बंदना साड़ी व टिकटोली अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, प्रेमचंद ने किया। बड़ा जैन मंदिर कमेटी मुरेना के अध्यक्ष अनिल जैन प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर प्रसादी वितरण का शुभारंभ किया। गुणानुवाद सभा में मंदिर कमेटी के निवर्तमान मंत्री एडवोकेट धर्मेंद्र जैन ने पूज्य आचार्यश्री के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात उपस्थित सभी गुरुभक्तों ने पूज्य गुरुदेव की महा आरती की। कार्यक्रम का संचालन अनूप भंडारी द्वारा एवम आभार प्रदर्शन ज्ञानतीर्थ युवा संघ परिवार मुरेना की ओर से जिनेश जैन कालू द्वारा किया गया।

ज्ञानतीर्थ युवा संघ मुरेना द्वारा सकल जैन समाज मुरेना के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में नत्थीलाल जैन, जवाहरलाल बरैया, दर्शन लाल जैन, विमल जैन वर्तन वाले, मनोज नायक, अतुल जैन, नीलेश जैन, सुनील जैन पुच्ची, सुनीत जैन, पवन जैन, दिनेश जैन, अक्षय जैन, कुशल जैन, अनिल जैन, योगेश जैन, निर्मल जैन, अमर जैन, पदम जैन, आशीष जैन, राजकुमार जैन, योगेश जैन, मनीष जैन, सचिन जैन, रोकी जैन, सोनू जैन, अभिषेक जैन, अमित जैन, रितेश जैन, गौरव जैन, ललित जैन सहित सैकड़ों की संख्या में गुरुभक्त मौजूद थे। मनोज जैन नायक से प्राप्त जानकारी के साथ **अभिषेक जैन लुहाड़िया** रामगंजमंडी।

श्रमण संघीय संस्कार शिविर जय आनंद मधुकर रतन भवन में प्रारंभ

180 बालक बालिकाओं ने शिविर में लिया हिस्सा, जीवन जीने की कला सिखेंगे बच्चे

दुर्ग (विश्व परिवार)। बच्चों की निकली प्रभात फेरी- दुर्ग श्रमण संघीय आवासीय जैन संस्कार शिविर आज जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तलाब दुर्ग में प्रारंभ हुआ गंजपारा दुर्ग से जय आनंद मधुकर रतन भवन तक शिविर में हिस्सा लेने वाले शिवरार्थीयों की प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें साध्वी श्री विजय श्री जी साध्वी प्रियदर्शना श्री जी अपने साध्वी समुदाय के साथ श्रमण संघीय आवासीय जैन संस्कार शिविर में लगभग 180 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिन्हें छोटे-बड़े अलग-अलग भागों में विभक्त कर अलग अलग ग्रुप बनाया गया जिसमें जय आदिनाथ, जय महावीर, जय गौतम स्वामी जय चंदन बाला, जय ब्राम्ही, जय आनंद, ग्रुप में सात अलग-अलग कक्षाएं संचालित होगी।

साध्वी श्री विजय श्री जी साध्वी श्री प्रियदर्शना श्री जी के पावन सानिध्य में आयोजित इस शिविर में बच्चे जीवन नवनिर्माण के साथ-साथ धार्मिक अध्यन सूत्र सीखेंगे साथी ही आत्म ध्यान, संस्कार, संगीत स्पर्धा, भाषण कला, मर्यादा अनुशासन, धार्मिक खेल, शुद्ध सामायिक सम्यक तप आहर। शुद्धि के अनेक गुण साध्वी समुदाय की निश्रा में सिखेंगे और उसे अपने जीवन में अपनाने हेतु साध्वी समुदाय एवं आनंद मधुकर रतन पाठशाला के शिक्षिका इस दिशा में प्रेरित करेंगे।

साध्वी समुदाय एवं पाठशाला की शिक्षिका कराएंगी धार्मिक अध्यन- संस्कार शिविर में साध्वी विचक्षणा श्री जी साध्वी तरुलता श्री जी साध्वी सुकृति श्रीजी साध्वी सु प्रज्ञसि श्री जी धार्मिक अनुशासन के साथ-साथ जीवन को आनंद के आनंद के साथ जीने के गुण सिखाएंगी। इस शिविर में व्यक्तित्व विकास के लिए अतिथि वक्ता भी जीवन जीने के कई हुनर सिखाएंगे। 9 दिवसीय संस्कार शिविर में जय आनंद मधुकर रतन पाठशाला की शिक्षिका चंदा रुणवाल प्रेरणा श्रीश्रीमाल अरुणा रतन बोहरा भारती श्रीश्रीमाल हर्षदा कर्नावट स्वीटी पारख मीनल कोचर भारती श्रीश्रीमाल इंदिरा बोहरा भूमिका संचेती किरण संचेती चंचल श्रीश्रीमाल रिंकी बेगानी युक्ता बोहरा मीना बाफना धार्मिक शिक्षा अध्यन सिखाएंगी। -**नवीन संचेती**

दिगंबर जैन समाज नैनवा द्वारा उपखंड अधिकारी नैनवा को प्राचीन मान स्तंभो की सुरक्षा के लिए ज्ञापन प्रेषित किया

नैनवा/बूंदी (विश्व परिवार)। नैनवा में बड़े तालाब गणेश मंदिर के पास जैन प्राचीन मान स्तंभ 8 निकले हैं जो लगभग 1000 से 1300 वर्ष पुराने हैं। सभी प्राचीन मान स्तंभो पर जैन भगवान के चिन्ह अंकित है यह जैन समाज की धरोहर इनमें एक मान स्तंभ की लंबाई 8 फीट है सभी एक लाइन में खड़े हुए मिले हैं इतने प्राचीन मांन स्तंभों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आज ही दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारी एवं समाज के लोगों ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर एवं अन्य अध्यक्षों के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

जैन समाज के पदाधिकारी द्वारा अध्यक्ष सकल दिगंबर जैन समाज नैनवा प्रमोद जैन, सरंक्षक देवेंद्र कुमार जैन एडवोकेट नैनवा, अध्यक्ष कमल कुमार जैन मारवाड़ा नैनवा, दिगंबर जैन समाज प्रभुत्व नागरिकों द्वारा/बाबूलाल जैन पाटोदी, कैलाश जैन मित्तल, नरेश कुमार कंदोई, महावीर नासरदा वाला रवि जैन पारस मारवाड़ा अभय गुढा वाला सुनील सरावगी बाबूलाल जैन इंद्र कुमार मित्तल मनीष मारवाड़ा लकी जैन महेश कंदोई भावेश गर्ग अनिल जैन मनोज अजमेरा अशोक हरसोला अविनाश जैन निर्मल जैन आदि जैन बंधुओ ने काफी संख्या में ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर सुरक्षा की मांग की है। इसकी प्रतिलिपि उपखंड कार्यालय नैनवा, जिला कलेक्टर कार्यालय जिला बूंदी, अधीक्षक महोदय आकियोलाजिकल जयपुर, निदेशक महोदय राजस्थान सरकार जयपुर को भेजी गई।महावीर कुमार जैन सरावगी जैन गजट संवाददाता नैनवा जिला बूंदी राजस्थान से प्राप्त जानकारी।

-**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया, चंपेश्वर महादेव में की गई पूजा अर्चना

नवापारा-राजिम (विश्व परिवार)। आज भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्रियों के द्वारा छग शासन के केबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के जन्म दिवस के अवसर पर चम्पेश्वर महादेव मंदिर चम्पारण में अभिषेक आदि कर पूजा अर्चना की गई। और भारी मतों से विजय की कामना की गई।

भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिनी साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर, संगीता शर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा व जनपद सदस्य, रानी पटेल जिला पंचायत सदस्य, लता साहू जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, जानकी साहू, केजू राम पटेल, नेमराज साहू पेठा वाले सहित अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं। चम्पेश्वर महादेव की विधि विधान पूर्वक दूग्धाभिषेक, दही, घी, शक्कर, शहद सहित विभिन्न प्रकार के अभिषेक नियमित पूजारी घनश्याम महाराज के मन्त्रोंचार के साथ किया गया जो लगातार तीन घण्टे में सम्पन्न हुआ। टीकम चन्द साहू ने बताया कि महिला नेत्रियों के साथ आज हम सब चम्पेश्वर महादेव से मिन्नतें करने आए थे कि बृजमोहन भैय्या दीर्घायु व शतायु हों, और 11लाख मतों से विजयी होकर भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री नियुक्त हो और छग राज्य का नाम रौशन करें। पूजा उपरान्त खीरपुड़ी का प्रसादी वितरण किया गया तथा गरीब जरूरतमंद को दान किए गए। प्रत्येक मंडल, सेक्टर, शक्ति केन्द्र एवं मतदान केंद्र में आज पूरे लोकसभा क्षेत्र में जन्म दिवस कार्यक्रम मनाया जा रहा है। -**तुकाराम पंसारी**

बुजुर्ग दिव्यांगजन के लिए चुनाव आयोग ने की व्यवस्था, लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता

नवापारा-राजिम (विश्व परिवार)। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत मंगलवार को नगर में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 85 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस मौके पर नगर की पहली 85 वर्ष से अधिक उम्र की मतदाता गंजरोड़ निवासी मनोहरी देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में वह अपने मताधिकार का प्रयोग करने स्वयं मतदान केन्द्र तक जाया करती थी, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ अब शरीर भी जवाब देने लगा है। कहीं भी जाने के लिए किसी सहारे की जरूरत पड़ती है। ऐसे में मतदान केन्द्र तक जाना संभव नहीं है। मनोहरीदेवी ने बताया कि कभी सोचा नहीं था कि घर पर भी मतदान किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग की इस पहल को सराहनीय बताते हुए रतन बाई ने कहा कि अब बदलाव की बयार बहने लगी है, जिसका लाभ वृद्धजनों को मिल रहा है। वहीं, जिले के पहले दिव्यांग मतादाता रतन बाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दिव्यांग होने के कारण मतदान करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। फिर लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करने की। इससे मन काफी हतोत्साहित होता था। लेकिन अब निर्वाचन आयोग की पहल से बड़ी ही आसानी से घर बैठे होम वोटिंग के माध्यम से मुझे भी लोकतंत्र के महापर्व में अपने मत का प्रयोग करने और सहभागी बनने का मौका मिला है। इसके लिए निर्वाचन आयोग का धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। तहसीलदार अशोक जंघेल के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा आज चिन्हांकित 25 वृद्धजन व दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग शत प्रतिशत मतदान को लेकर बहुत गंभीर है। जिसके तहत बहुत सारी व्यवस्थाएं की जा रही है। जो 40 प्रतिशत दिव्यांग तथा 85 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वे मतदाता जो मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ हैं, ऐसे मतदाताओं तक मतदान दल स्वयं पहुंचकर मतपत्र द्वारा मतदान संपन्न करा रहे हैं। रूट प्रभारी अशोक कुमार जंघेल, पीठासीन अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, मतदान अधिकारी अरुण धीवर, माइरो ऑब्जर्वर शारदा रमण, सुरक्षा अधिकारी कुलेश्वर बंजारे सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। इसी कड़ी में अभनपुर विस क्षेत्र के तहत गोबरा नवापारा में कुल 25 मतदाताओं की पहचान की गई थी, जिनका मतदान मंगलवार को संपन्न हुआ।

मंत्र साधना भौतिक बाधाओं का आध्यात्मिक उपचार है : मंत्र महर्षि डॉ. योगभूषण

मंत्र चिकित्सा के संदर्भ में मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

रायपुर (विश्व परिवार)। लौकिक और पारलौकिक समस्याओं के समाधान हेतु सोहम मूवमेंट के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित मुक्ताधारा ऑडिटोरियम में मंत्र मोक्ष नामक एक विशेष कार्यशाला का आयोजन रविवार, दिनांक 28 अप्रैल 2024 को किया गया जिसमें मंत्र चिकित्सा के अन्वेषक और प्रवर्तक परम श्रद्धेय मंत्र महर्षि डॉ. क्षुल्लक श्री 105 योग भूषण जी महाराज ने अपना सानिध्य और मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस विशेष कार्यशाला में गुरुदेव ने मंत्र चिकित्सा के रहस्यों को उद्घाटित करते हुए बताया कि मंत्र और अध्यात्म एक दूसरे के पूरक हैं। प्राचीन समय से ही मनुष्य अपनी आध्यात्मिक उन्नति के लिए तत्पर है। प्राचीन काल से जुड़े ऋषि-मुनि, साधू संत इसके प्रेरक उदाहरण है। इसके लिए मंत्रशास्त्र के लिए उनकी श्रद्धा सदा बनी रही और यह श्रद्धा आज तक चली आ रही है। आज भी मनुष्य इश्वर से जुड़ने के लिए या आध्यात्म से जुड़ने के लिए आराधना में विभिन्न इष्ट मंत्रो का प्रयोग करता है। मंत्र का शाब्दिक अर्थ है मन की रक्षा करने वाली ध्वनि, जो साक्षर और निरक्षर दोनों तरह की होती है। साक्षर ध्वनि वे हैं जिनमें कोई अक्षर या शब्द का प्रयोग किया जाता है, निरक्षर ध्वनि में शब्द प्रयोग नहीं किया जाता। इन दोनों ही ध्वनियों का प्रभाव हमारे मन पर पड़ता है।

मंत्र साधना भौतिक बाधाओं का आध्यात्मिक उपचार है। इस तथ्य से आज का प्रबुद्ध जन मानस भली भांति परिचित है और स्वयं के कल्याण के लिए लोग विभिन प्रकार के मंत्रों का जाप अकसर किया करते हैं। सभी धर्मों में मंत्र साधना व जाप का बहुत महत्व बताया गया है। मानसिक अशांति, शारीरिक तकलीफों को दूर करने के लिए बहुत से मंत्रो के बारे में बताया गया है। धर्म की बताई हुई इन क्रियाओ पर विश्वास करने वाले को इन सब मंत्रो से बहुत लाभ प्राप्त हो सकता है। फिर वो चाहे किसी तरह का भय हो या पुराने कर्मो का उदय जाप साधना से आप सभी समस्यों से मुक्त हो सकते है बस देर हे तो मंत्रो पर विश्वास और श्रद्धा रखने की।

कार्यशाला के मध्य गुरुदेव द्वारा उपस्थित जनसमुदाय की सांसारिक और आध्यात्मिक समस्याओं के सरल, सटीक और सम्यक् समाधान भी बताए गए। इस कार्यशाला में दिल्ली, इंदौर, हैदराबाद, मुंबई, जयपुर, आगरा, गाज़ियाबाद, नोएडा आदि क्षेत्रों से शताधिक जिज्ञासुओं ने सम्मिलित होकर भारतीय संस्कृति के प्राचीनतम ज्योतिष - मंत्र विज्ञान, स्वरविज्ञान और सामुद्रिक शास्त्र की बारीकियों को समझा। इस शुभ अवसर पर विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग (भारत सरकार) के द्वारा परम श्रद्धेय मंत्र महर्षि डॉ. क्षुल्लक श्री 105 योग भूषण जी महाराज को मंत्र चिकित्सा के आध्यात्मिक विज्ञान के संदर्भ में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

स्कूली बच्चों में सहनशीलता व धर्य की कमी चिंताजनक : विजय चोपड़ा

छुट्टियों में बच्चे समय का सदुपयोग करें व विरासत के संस्कारों को सहेजें, प्रोजेक्ट देने हुई कार्यशाला

दूर करने टीचर्स की कार्यशाला में बताये 6 सूत्रीय उपाय

रायपुर (विश्व परिवार)। स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां आरम्भ हो गई है। 45 दिनों के लम्बे अवकाश में बच्चे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में समय व्यतीत करते हैं। छुट्टियों में बच्चे समय का सदुपयोग करें व विरासत के संस्कारों को सहेजें ताकि बच्चों में सहनशीलता, धैर्य, अनुशासन, संस्कार व करुणा जैसे गुणों का विकास हो सके। स्कूलों से बच्चों को 45 दिनों के लिए होमवर्क दिया जाता हैं। होमवर्क में नवीनता लाने के लिए सहेजें अपने विरासत के संस्कारों को विषय पर स्कूली टीचर्स के लिए कार्यशाला का आयोजन किया है।वर्तमान परिवेश में अनुभव किया जा रहा है कि बच्चों में सहनशीलता, धैर्य की कमी देखी गई है। बच्चे सत्य से दूर भाग रहे हैं, वे अपना अधिकतम समय टी वी, मोबाईल, कम्प्यूटर में व्यतीत कर रहे हैं। एकाकी जीवन के कारण डिप्रेशन की स्थिति निर्मित हो रही है। बच्चों को इन विपरीत परिस्थितियों से उभारने शिक्षाविद विजय चोपड़ा ने अनूठा प्रोजेक्ट तैयार किया है व स्कूलों के माध्यम से कार्यशाला आयोजित कर टीचर्स को ट्रेनिंग दे रहे है। प्रसिद्ध शिक्षाविद व मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा ने वर्धमान इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, सदर बाजार में आयोजित कार्यशाला में टीचर्स को 6 बिंदुओं का मंत्र दिया। जिसके आधार पर बच्चों को 45 दिनों के वेकेशन में प्रेक्टिकल कर प्रोजेक्ट लिखकर तैयार करना है। सर्वप्रथम दादा - दादी, नाना - नानी अथवा ऐसे वरिष्ठ परिजनों के साथ समय व्यतीत करना उनके अनुभव व संस्कारों को समझना उसके अनुसार प्रोजेक्ट बनाना है, इस संबंध में टीचर्स को जानकारी दी गई। प्रत्येक बच्चे को अपने माता पिता, बड़े भाई बहन व परिजनों के साथ अपने धार्मिक स्थल जाना, वहाँ के आत्मिक अनुभव को साझा करना है। मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा ने कार्यशाला में आगे बताया कि बच्चों को मोहल्ले के वरिष्ठजनों से परिचय बढ़ाना है, उनके अनुभव व्यवहार से सीखना है और अपना प्रोजेक्ट तैयार करना है। चोपड़ा ने आगे कहा कि बच्चों को पर्यावरण से जुड़कर जीवन जीना सीखना है, और अपने अनुभवों को प्रोजेक्ट के माध्यम से साझा करना है। बच्चों को अपने व्यवहार में दया, करुणा के गुणों का विकास कैसे हो इस दिशा में दैनिक जीवन में आचरण करना है, प्राणिमात्र के प्रति छोटी छोटी सहयोग की भावना रखते हुए कार्य करना और उन्हें प्रोजेक्ट के माध्यम से दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना है। अपने परिजनों के साथ प्रेमभाव बना रहे व बढ़े इस हेतु दिन में एक समय का भोजन सभी साथ बैठकर करें, व आपस में सार्थक चर्चा करते रहें। कार्यशाला के माध्यम से टीचर्स को उपरोक्त प्रोजेक्ट के विषय में मोटिवेशनल स्पीकर ने विस्तार से समझाया जिससे टीचर्स आगामी 45 दिनों के लिये बच्चों को होमवर्क में उपरोक्त विषयों का समावेश कर सके।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करना है। जीवन में संस्कारों के महत्व को समझना व समझाना जरूरी है। शिक्षाविद व मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा ने कहा कि संस्कार विरासत में मिलते हैं, बाज़ार से खरीदे नही जा सकते। इसी मूल वाक्य को कार्यशाला प्रोजेक्ट में समाहित किया गया है। छुट्टियों के पश्चात पहली से बारहवीं तक की कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय प्रोजेक्ट्स को पुरस्कृत किया जावेगा।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 02 मई 2024

संक्षिप्त समाचार

अबूझमाड़ में हुई मुठभेड़ चार माओवादी ढेर

नारायणपुर(विश्व परिवार)। बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में अब तक 4 माओवादियों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है। फिलहाल मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ पर बस्तर रेंज आईजी पी. सुंदरराज, नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार समेत सूबे के नक्सल ऑपरेशंस से जुड़े तमाम अधिकारी लगातार अपडेट ले रहे है। शुरुवाती जानकारी के मुताबिक डीआरजी और एसटीएफ की एक ज्वाइंट टीम अबूझमाड़ के जंगल में कई जगहों पर नक्सलियों की घेराबंदी कर चुकी है। इस दौरान माओवादियों की ओर से सुरक्षाबल पर फायरिंग की गई। जिसके बाद जवानों ने भी ताबड़तोड़ जवाबी कार्यवाही करते हुए गोलियां चलाई है। बताया जा रहा है अब भी मौके पर गोलीबारी हो रही है। अब तक सुरक्षाबल के जवानों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ खत्म होने के बाद ही वास्तविक संख्या का पता चल पाएगा। खबर लिखे जाने तक जवानों को कोई नुकसान नहीं हुआ था।

जीजा ने किया साले की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

गरियाबंद(विश्व परिवार)। जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर गांव में जीजा ने कुल्हाड़ी मारकर अपने साले की हत्या कर अपने आप को पुलिस के सामने समर्पण कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरी पानी निवासी सनत कुमार ध्रुव जो तावरबाहरा ग्राम में अपने जीजा बंशीलाल ध्रुव के घर कुछ महीनो से रह रहा था,उसी दौरान सोमवार के शाम छै बजे के लगभग जीजा बंशीलाल कुल्हाड़ी से सनत के ऊपर हमला कर दिया जिससे सनत की मौत हो गई।घटना के विषय में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बंशीलाल शाम छै बजे अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर रहा था,और अपनी पत्नी को मारने के लिए कुल्हाड़ी उठाया तभी उनके झगड़ा में बीच बचाव करने सनत बीच में आ गया जिससे बंशी लाल के द्वारा कुल्हाड़ी से सनत के गर्दन के नीचे वार किया जिससे मृतक सनत वही नजदीक बिछे पलंग में गिरा और उसकी मौत हो गई।घटना के बाद आरोपी बंशीलाल स्वयं सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दिया।वही जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े,सहायक उप निरीक्षक टीकाराम अपने बल के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आए और घटना की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिए।

अज्ञात वाहन की ठोकर से अधेड़ महिला की मौत

गरियाबंद(विश्व परिवार)। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर मोहेरा पुल के समीप 60 से 65 वर्षीय एक अधेड़ महिला की मौत अज्ञात वाहन की ठोकर से हो गया घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 10 बजे के लगी मोहेरा पुल से आगे ग्राम बारूका के समीप एक अधेड़ महिला को मृत अवस्था में सड़क किनारे पड़े होने की जानकारी राहगीरों द्वारा सिटी कोतवाली पुलिस को दिया गया।जानकारी मिलते ही कोतवाली टीम मौके पर पहुंची।घटना स्थल पर एक अधेड़ महिला को मृत अवस्था में पाया गया,जिसे किसी वाहन से ठोका गया था।फ्लिहाल मृत महिला को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया,मृतका अज्ञात होने के पुलिस उसके परिजनों की तलाश में नजदीक के थाना और पड़ोसी जिले को थानों में संपर्क किए हुए है,बता दे की महिला के हाथ में गोदना से कोई नाम लिखा हुआ है जो स्पष्ट तो नही है,उसके माध्यम से भी उसके परिजनों तक पहुंचने पुलिस टीम लगी हुई है।

बस के इंतजार में खड़े एक ही परिवार के चार लोगों को ट्रक ने रौंदा

राजनादगांव(विश्व परिवार)। जिले के चिखली थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। बताया जाता है कि एक तेज रफ़तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े 4 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया जिसमें सभी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चिखली थाना क्षेत्र के तिलई गांव के पास सड़क किनारे लोग बस का इतंजार कर रहे थे। तभी वहां खैरागढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने ट्रक पर नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आकर एक मवेशी की भी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद चिखली पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतकों में 3 महिला और 1 पुरुष शामिल है जो कि एक ही परिवार के थे और तिलई गांव के ही रहने वाले थे। चारों बस का इंतजार कर रहे थे। वहीं हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर फ्रार है.

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपने शासकीय सेवा के अनुभव का सदुपयोग समाज के लिए करें - कलेक्टर

सेवानिवृत्त हो रहे 21 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

जगदलपुर(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि लम्बी अवधि तक शासकीय सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपने शासकीय सेवा के अनुभव और सीख का सदुपयोग समाज के लिए करें। सभी शासकीय सेवकों ने नौकरी के दौरान खुद के लिए, परिवार और समाज के लिए समय नहीं निकाल पाए होंगे, वे सेवानिवृत्त होकर स्वंय एवं परिवार और समाज के लिये समय दें। शासन-प्रशासन ने जिले के सभी विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले सेवकों का ज्यादा से ज्यादा पेंशन से संबंधित प्रकरणों का समय पर निराकरण का प्रयास कोषालय और कोष लेखा पेंशन कार्यालय ने किया। लगातार ग्यारह माह में प्रशासन ने 400 से अधिक पेंशन प्रकरणों में सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ जारी करने का कार्य किया गया।इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में माह अप्रैल में सेवानिवृत्त हुए 21 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। वहीं इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी ने बताया कि इस माह सेवानिवृत्त हो रहे 21 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है।

कलेक्टर ने जनपदों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण आवास, आंगनबाड़ी, गोदाम, मुक्तिधाम, प्रतीक्षालय, सामुदायिक शौचालय,नाडेप संरचना एवं मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की जनपद वार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों में गति लाते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम आवास के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेकर लंबित निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही लगातार फील्ड निरीक्षण कर कार्यों की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिए।उन्होंने गांवों को ओडीएफप्लस मॉडल का दर्जा दिलाने सभी गांवों में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र शेड निर्माण की जानकारी ली।साथ ही निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण कराते हुए सप्ताहवार इसकी समीक्षा भी करने के निर्देश सभी जनपदों के सीईओ को दिए।

शासन से प्राप्त निर्देशानुसार अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का करें निराकरण - कलेक्टर

समय-सीमा की बैठक में स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लंबित कार्य को 31 मई तक पूर्ण करवाने के निर्देश

जगदलपुर(विश्व परिवार)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि सभी विभाग शासन से प्राप्त निर्देशानुसार अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करेंगे। साथ ही अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों की साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में भी समीक्षा की जाएगी इस हेतु आवश्यक तैयारी व कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा विभाग के अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों के पेंशन तथा सभी स्वत्वों का भुगतान समय पर करवाने की कार्रवाही करेंगे। उक्त निर्देश कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में दिए। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, समय-सीमा के प्रकरण और विभागीय कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की।विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों व शासन से मिले निर्देश पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिसमें सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के क्षेत्र में स्थित उचित मूल्य की दुकानों में राशन भंडारण की जांच करवाने के निर्देश दिए, जांच में खाद्य विभाग और संबद्ध विभागों के अधिकारी आवश्यक सहयोग करने भी कहा। बैठक में महिला एवं बाल विकास के महतारी वंदन योजना आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण वाटिका, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वर्ष 2023-24 में आंगनबाड़ी में प्रवेश लेने वाले बच्चों के जाति प्रमाण जारी करने का लक्ष्य की समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग को स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य से लंबित प्रकरणों का 31 मई तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा संचालन हेतु जनपद स्तर पर समीक्षा कर लिया जाए। साथ ही शालाओं में निर्माण की जा रही किचन सह भण्डार कक्ष में पर्याप्त हवा युक्त होना चाहिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी से पीएम किसान सम्मान निधि में ई-केवाईसी तथा आधार सीडिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए खरीफ वर्ष से पहले आधार सिंडिंग के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। खरीफ फसल के लिए पंजीकृत किसानों का गिरदावरी के दरमियान जमीन का परीक्षण करवाने भी कहा।

कोयलांचल में प्रत्येक घर भाजपा की जनसंपर्क अभियान

कोरबा(विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकेश झा के नेतृत्व में एवं भारतीय जनता पार्टी बाकी मोंगरा मंडल के मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जगत के कुशल मार्गदर्शन में घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के पक्ष में मतदान करने की अपील किया जा रहा है, इसी तारतम्य में वार्ड क्रमांक 61 आदर्श नगर कुसमुंडा के कार्यकर्ताओं के साथ रहवासियों से घर-घर जाकर जनसंपर्क करते हुए भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव सरकार की योजनाएं लोगों को बताई। भाजपा नेता विकेश झा ने कहा कि पूरे देश में नरेंद्र मोदी जी के पक्ष में माहौल है नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार 400 पार के साथ केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है और कोरबा लोकसभा से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रत्याशी सरोज पांडे भारी बहुमत से जीतकर सांसद बनेगी और क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाते हुए तत्काल उसे पर निराकरण भी करवायेंगी। मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जगत ने कहा भारत की बेटी जहाँ भी जाती है वहीं उसका घर बन जाता है और अपने घर के सदस्यों का पूरा मान सम्मान करती है एवं सहयोग करती है उसी तरह सरोज पाण्डेय भी आज और वह भारतीय जनता पार्टी परिवार में सिर्फ़ भाव से आयी है। और मजबूत केंद्रीय नेतृत्व होने के कारण कोरबा के विकास को निश्चित रूप से नया आयाम मिलेगा।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग कार्य प्रारंभ

प्रेक्षक और कलेक्टर ने कमीशनिंग कार्य का किया अवलोकन

कोरबा(विश्व परिवार)। लोकसभानिर्वाचन 2024 कोसमयबद्धता, पारदर्शिता एवं त्रुटि रहित सम्पन्न कराने हेतु जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग झगरहा स्थित आईटी कॉलेज कोरबा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रारंभ हो गया है। सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा,कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने स्ट्रांग रूम में किए जा रहे कमीषनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 07 मई2024 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। कमीषनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आज विधानसभा रामपुर एवं पाली तानाखार में निर्वाचन कार्यों में उपयोग होने वाले ईवीएम मषीनों का कमीषनिंग किया जा रहा है एवं षेष विधानसभा कटघोरा एवं कोरबा के लिए उपयोग होने वाले ईवीएम मषीनों का कमीषनिंग 30 अप्रैल को किया जाएगा।

जिले में मूलभूत प्रशासनिक सुविधाओं को करें मजबूत लोगों को सभी सुविधाओं का मिले लाभ-कलेक्टर

गरियाबंद(विश्व परिवार)। जिले में लोकसभा निर्वाचन के मतदान होने के पश्चात कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज समय सीमा की समीक्षा बैठक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कार्य में लगे हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों को सफलतापूर्वक मतदान कार्य सम्पन्न कराने पर बधाई देते हुए कहा कि सभी लोगों के सहयोग से लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के प्रतिशत में विगत चुनाव के अपेक्षा वृद्धि हुई है।उन्होंने समीक्षा बैठक में जिला अधिकारियों को अब वे अपने-अपने प्रशासनिक कार्यो,जनहित एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यो में गति लाये। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारी प्रशासन के कार्यो को गंभीरतापूर्वक करें और विभागीय कार्यो में प्रगति लाये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को कहा कि मूलभूत प्रशासनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्रियता और गंभीरता से काम किया जाये।साथ ही प्रगतिरत निर्माण और विकास कार्यो में भी तेजी लाये। उन्होंने कहा कि जिले के आश्रम-छात्रावास के निरीक्षण के लिए जिन-जिन अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है,वे प्रत्येक माह ऐसे आश्रम छात्रावास का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।ताकि कहीं कुछ समस्या है तो उसका निराकरण समय पर किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रदेश के राशन दुकानों में अप्रैल एवं मई माह का पात्रतानुसार चावल आबंटन किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत गरियाबंद जिले के सभी राशन कार्डधारियों को अप्रैल एवं मई दो माह का एकुमश्त राशन मिल रहा है। वर्तमान में 98 प्रतिशत राशन का भण्डारण कर वितरण का कार्य किया जा है।जिले के राशनकार्डधारी अपने संबंधित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से माह अप्रैल एवं मई 2024 (दो माह) का चावल एक साथ प्राप्त कर रहे हैं।इसके अतिरिक्त शेष राशन सामग्री जैसे-नमक, शक्कर केरोसीन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना की मासिक पात्रता के अनुसार ही प्राप्त होगी।

घर आजा संगी कार्यक्रम के तहत प्रवासी श्रमिकों को मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

लैलूंगा के श्री सुरक्षित पैकरा मतदान के लिए पहुंचे निवास स्थान, पुष्पगुच्छ देकर किया गया सम्मानित

रायगढ़(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन तथा सीईओ एवं नोडल आधिकारी स्वीप श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में 'घर आजा संगी' कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत जिले के चारों विधानसभा में निवासरत ऐसे श्रमिक जो कार्य करने हेतु अन्य राज्यों में गए हैं, उन्हें फोन कॉल के माध्यम से संपर्क कर 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपने बहुमूल्य मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।'घर आजा संगी' कार्यक्रम के तहत लैलूंगा में लगातार ऐसे श्रमिकों की जानकारी प्राप्त कर बीएलओ उनके रिश्तेदारों से संपर्क कर उन्हें कॉल कर आगामी 7 मई को होने वाले मतदान में अपने मत का उपयोग के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि शत-प्रतिशत मतदान के साथ कोई भी अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इसी कड़ी में गुजरात में कार्य करने वाले लैलूंगा के ग्राम पंचायत टूरटूरा निवासी श्री सुरक्षित पैकरा जो पिछले विधानसभा में अपने मताधिकार का उपयोग से वंचित रह गए थे, उन्हे 'घर आजा संगी' कार्यक्रम के तहत संपर्क कर मतदान के लिए फोन कर प्रेरित किया गया, जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। वे बीते दिनों अपने घर पहुंचे। उनके आने पर टीम द्वारा उनका सम्मान किया गया। श्री पैकरा ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपना मतदान अवश्य करेंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत टूरटूरा के ही गुजरात में कार्यरत श्री जगन्नाथ पैकरा को उनकी पत्नी श्रीमती बसंती पैकरा के माध्यम से संपर्क करने पर श्री पैकरा ने कहा कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार बनने और वोट करने जरूर आने की बात कही।

अपर कलेक्टर कौशिक ने ली राईस मिलर्स की बैठक

बालोद(विश्व परिवार)। अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के राईस मिलर्स की बैठक ली। बैठक में ऐसे राईस मिलर जिनका धान उठाव हेतु अधिक मात्रा में शेष है, उन सभी राईस मिलरों को प्रतिदिन धान उठाव का लक्ष्य बनाते हुए धान का अंतिम उठाव 08 मई 2024 तक करने का निर्णय लिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी श्री तुलसी ठाकुर ने बताया कि खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर 143 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 07 लाख 48 हजार 714 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। खरीदे गए धान का पूर्ण डीओ जारी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 07 लाख 36 हजार 999 मेट्रिक टन धान उठाव किया जा चुका है। उपार्जन केन्द्रों में 11 हजार 714 मेट्रिक टन धान उठाव हेतु शेष है। जिसमें से बालोद जिले के राईस मिलरों का 10 हजार 932 मेट्रिक टन एवं दुर्ग जिले के राईस मिलरो का 782 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जाना है। उन्होंने बताया कि राईस मिलर्स द्वारा खरीदी केन्द्रों में शेष धान 08 मई 2024 तक उठाव कर लिए जाने हेतु जिला प्रशासन को आश्वस्त किया गया है। बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी, डीएमओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

व्यापार समाचार

5-स्टार सुरक्षित कुशाक और स्लाविया MY24 अपडेट के साथ और भी सुरक्षित हुई

नईदिल्ली। कुशाक एसयूवी,अक्टूबर 2022 में और अप्रैल 2023 में स्लाविया सेडान के साथ सुरक्षा के नए मानक स्थापित करने के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स की पेशकश कर सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ना जारी रखा है। यह पेशकश कंपनी के ऐतिहासिक मेड-फॉर-इंडिया, रेडी-फॉर-द-वर्ल्ड इंडिया 2.0 प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो के लिए MY24 अपडेट का हिस्सा है। अपग्रेड के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पीटर जनेबा ने कहा, स्कोडा डीएनए में सुरक्षा हमेशा से उसकी बुनियाद रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी परीक्षणों के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड थे। सुरक्षा पर हमारा जोर हमारे मानवीय जुड़ाव के दृष्टिकोण का प्रतीक है और एक पारिवारिक ब्रांड होने पर हमारे फोकस को सामने लाता है। हमने हमेशा अपने बेस वैरिएंट में फ्रंटल एयरबैग और अपने उच्च वैरिएंट में छह एयरबैग्स की पेशकश की है, जो दूसरे की तरह पूरी तरह से सुरक्षित है। हमारे MY24 अपडेट के तहत अब हम कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट में छह एयरबैग्स प्रदान करते हैं। हम हमेशा अपने ग्राहकों की बात सुन रहे हैं और अपने प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो और हमारे वैरिएंट लाइन-अप के भीतर जरूरी अपग्रेड्स और महत्वपूर्ण प्रॉडक्ट एक्शंस मुहैया कराना जारी रखेंगे।''

MY24 स्टार एडीशंस- स्कोडा ऑटो इंडिया ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अब कुशाक और स्लाविया दोनों के लाइन-अप में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स पेश किए हैं। कुशाक एक्टिव वैरिएंट से शुरू होता है और एम्बिशन तक जाता है। मोंटे कार्लो और एलिगेंस एडिशन जैसे वैरिएंट के साथ स्टाइल में शीर्ष पर है जो एसयूवी के वैरिएंट मिक्स के ऊपरी पायदान पर है। स्लाविया भी एक्टिव से शुरू होता है, जो स्टाइल एडिशन और एलिगेंस एडिशन के साथ आगे बढ़ता है और इसमें स्टाइल एडिशन और एलिगेंस एडिशन शीर्ष पर है, जो सभी रेंज के ग्राहकों के लिए जबरदस्त वैल्यू सुनिश्चित करता है। दोनों कारें ट्रांसमिशन ड्यूटीज के लिए छह-स्पीड मैनुअल, छह-स्पीड ऑटोमैटिक और सात-स्पीड डीएसजी के विकल्प के साथ प्रमाणित, शक्तिशाली और कुशल 1.0 टीएसआई और 1.5 टीएसआई इंजन विकल्पों के साथ आता है।

मारुति सुज़ुकी ने शुरू की अपनी बहुप्रतीक्षित कार एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग

नई दिल्ली। देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित कार चौथी पीढ़ी की एपिक न्यू स्विफ्ट के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। ग्राहक 11,000/- रुपए का भुगतान कर एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग करा सकते हैं। इस ऑल न्यू जेनेरेशन, एपिक न्यू स्विफ्ट को पहले से बेहतर डायनेमिज्म और मजेदार ड्राइविंग के अनुभव के साथ इसकी बहुचर्चित सिग्नेचर स्पोर्टी डिजाइन के साथ तैयार किया गया है। मारुति सुज़ुकी की स्विफ्ट भारत की नंबर 1 प्रीमियम हैचबैक कार रही है। लॉन्च के बाद से इसकी 29 लाख से अधिक कारें बिक चुकी हैं। अपने बेशुमार प्रशंसकों के साथ, इस स्पोर्टी प्रीमियम हैचबैक ने स्पोर्टी और डायनेमिक ड्राइविंग पर्फोर्मेंस के मामले में अपने सेगमेंट के बेंचमार्क को नए सिरे से परिभाषित किया है। अब, एपिक न्यू स्विफ्ट दमदार तरीके से अपनी इस समृद्ध विरासत को आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है! इस घोषणा पर मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जिक्यूटिव ऑफीसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, श्री पार्थो बनर्जी ने कहा, मारुति सुज़ुकी के लिए स्विफ्ट एक सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है। यह एक ऐसा ब्रांड है जिसने बदलते समय के साथ ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने में बड़े बदलाव किए हैं।

एचडीएफसी बैंक के पेजैप ऐप को सेलेंट मॉडल बैंक का पुरस्कार मिला

मुंबई : एचडीएफसी बैंक के मोबाइल ऐप पेज़ैप (क्क्व्4ड्डश्च्च) को सेलेंट मॉडल बैंक अवार्ड मिला है। एचडीएफसी बैंक के पेज़ैप को यह अवार्ड्स पेमेंट इनोवेशन की श्रेणियों में सेलेंट मॉडल बैंक पुरस्कार समारोह में प्रदान किए गए। सेलेंट का वार्षिक मॉडल बैंक पुरस्कार बैंकिंग में प्रौद्योगिकी के उपयोग में सर्वोत्तम प्रथाओं का जश्न मनाता है और उन्हें स्वीकार करता है। पेज़ैप दुनिया भर के 36 देशों के 140+ नामांकनों में से चुने गए 19 विजेताओं में से एक है। इस अत्यधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए निर्णायक मानदंडों में स्पष्ट व्यावसायिक लाभ, उद्योग के सापेक्ष नवाचार का स्तर और प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता शामिल हैं। पेज़ैप को ज़ेटा और एचडीएफसी बैंक द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है, जो ज़ेटा के अगली पीढ़ी के प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म, ज़ेटा टैचियन और इसकी विशेष इंजीनियरिंग पेशकश, ज़ेटा स्टूडियोज़ का लाभ उठा रहा है। मार्च 2023 में लॉन्च होने के बाद से पेज़ैप ने तेजी से 6+ मिलियन ग्राहक हासिल कर लिए हैं और लगभग आधे मिलियन ग्राहकों ने इसे आईओएस (पर 4.8 और एंड्रॉइड पर 4.3 की रेटिंग दी है, जिससे यह फाइनेंस सेक्शन में भारतीय ऐप स्टोर्स पर टॉप रेटेड ऐप बन गया है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड,चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और हेड-डायरेक्ट टू कंज्यूमर बिजनेस श्री रवि संथानम ने अवार्ड प्राप्त करने को लेकर कहा, सेलेंट की मान्यता हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले विश्व स्तरीय डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पेज़ैप हमारी डिजिटल परिवर्तन यात्रा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और अगली पीढ़ी, क्लाउड-नेटिव जारीकर्ता प्रोसेसिंग स्टैक पर निर्मित आधुनिक ग्राहक अनुभव की शक्ति का प्रमाण है। ज़ेटा के सीटीओ और सह-संस्थापक श्री रामकी गद्दीपति ने कहा, 'पेज़ैप की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए ज़ेटा सम्मानित महसूस कर रहा है।' एचडीएफसी बैंक की प्रतिभाशाली और दूरदर्शी टीमों के साथ साझेदारी में एक ज़ेटा स्टूडियो ने अद्वितीय भुगतान विकल्प प्रदान किए हैं। भारतीय उपभोक्ता. एचडीएफसी बैंक के ग्राहक मल्टीपल ऐप्स स्विच किए बिना, यूपीआई, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके अपने खाते का उपयोग करके भुगतान करना है या नहीं,यह विकल्प चुन सकते हैं।

मेरी निजी इच्छा है कि रिंकू सिंह टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाएं : शाहरुख खान

कोलकाता(एजेंसी)। जैसे-जैसे आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम की घोषणा करने की समय सीमा नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे टीम संयोजन को लेकर काफी दिलचस्पी बढ़ती जा रही है और विशेषज्ञ तथा प्रशंसक समान रूप से अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं कि वे 1 जून से शुरू होने वाले मेगा इवेंट के लिए कैरेबियन की उड़ान किसे भरते देखना चाहते हैं। जहां प्रशंसक टीम की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान ने कहा है कि व्यक्तिगत मोर्चे पर, वह अपनी टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह को 15 सदस्यीय टीम में देखना चाहेंगे जो टी20 वर्ल्ड कप में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। केकेआर के लिए एक स्टार खिलाड़ी के रूप में रिंकू सिंह का प्रमुखता से उभरना उनकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, लेकिन यह केकेआर के मालिक शाहरुख खान द्वारा दिखाए गए विश्वास और समर्थन का भी प्रमाण है। रिंकू की विश्व कप संभावनाओं के प्रति आशावाद व्यक्त करते हुए, शाहरुख ने स्टार स्पोर्ट्स नाइट क्लब प्रेजेंट्स किंग खान रूल्स पर कहा, ऐसे अद्भुत खिलाड़ी देश के लिए खेल रहे हैं। मैं वास्तव में रिंकू, इंशाअल्लाह और अन्य टीमों के कुछ अन्य युवाओं के विश्व कप टीम में होने का इंतजार कर रहा हूं। उनमें से कुछ इसके हकदार हैं, लेकिन मेरी व्यक्तिगत इच्छा है कि रिंकू टीम में जगह बनाये, मुझे बहुत खुशी होगी। वह मेरे लिए सर्वोच्च बिंदु होगा। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में जन्मे रिंकू सिंह को क्रिकेट स्टारडम की राह में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। साधारण परिवेश में पले-बढ़े रिंकू के परिवार को गुजारा करने के लिए संघर्ष करना पड़ता था, उनके पिता एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी मैन के रूप में काम करते हैं और उनकी मां एक गृहिणी हैं। सफाईकर्मी की नौकरी की पेशकश के बावजूद, रिंकू ने क्रिकेट के प्रति अपने जुनून का पालन किया, उनका मानना था कि यह उन्हें अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएगा। ब्रॉडकास्टर द्वारा एक विज्ञप्ति में शाहरुख के हवाले से कहा गया, मैं बस यही चाहता हूं कि वे खुश महसूस करें और जब मैं इन लड़कों को खेलते हुए देखता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं खुद एक खिलाड़ी के रूप में जी रहा हूं।

केकेआर से हार पर डीसी के गेंदबाजी कोच ने कहा, हम कोई बहाना नहीं बनाएंगे...

कोलकाता(एजेंसी)। घरेलू मैदान पर लगातार दो जीत के बाद ईडन गार्डन्स में केकेआर के खिलाफ मैच में डीसी की 7 विकेट से हार के बाद गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि टीम हार के लिए किसी भी बहाने के पीछे नहीं छुपेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच मैच एकतरफा रहा लेकिन फिल साल्ट की तूफानी पारी ने दिल्ली को बैकफुट पर धकेल दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही। लगातार विकेट गंवाने के बाद कुलदीप यादव के 26 गेंदों में नाबाद 35 रनों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने बड़ी मुश्किल से 20 ओवरों में 153/9 का स्कोर बनाया। हालांकि, घरेलू टीम केकेआर ने फिल साल्ट के 33 गेंदों पर 68 रनों की बदौलत 16.3 ओवर में यह लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। डीसी ने अब तक अपने 11 मैचों में छह हारे और पांच जीते हैं। वर्तमान में डीसी अंक तालिका में छठे स्थान पर है। अभी दिल्ली के तीन मैच बाकी हैं। होप्स ने कहा, हमारी किस्मत अभी भी हमारे हाथों में है। अगर हम तीन मैच जीत सकते हैं और 16 अंक हासिल कर सकते हैं, तो नतीजे काफी अच्छे हो सकते हैं। लेकिन अभी हमारे पास एक सप्ताह की छुट्टी है जहां हम फिर से रणनीति में कुछ बदलाव कर सकते हैं और देख सकते हैं कि क्या हमें किसी भी चीज़ के बारे में थोड़ा अलग तरीके से सोचने की ज़रूरत है। हम तीन में से दो मैचों के लिए दिल्ली वापस जा रहे हैं। जाहिर तौर पर इस समय यह एक बहुत ही हाई स्कोरिंग पिच है और फिर हमें बेंगलुरु भी जाना है। हमने एक मौका गंवा दिया और अब हम इसके लिए किसी भी बहाने के पीछे नहीं छुपेंगे।

फिल साल्ट केकेआर के लिए एक्स फैक्टर्र

कोलकाता(एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल क्लार्क ने फिल साल्ट की जमकर तारीफ की और उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम में एक्स फैक्टर करार दिया। आईपीएल 2024 की नीलामी में फिल साल्ट को कोई खरीददार नहीं मिला था,जेसन रॉय ने निजी कारणों के चलते अपना नाम वापस ले लिया था, जिससे केकेआर ने ऑक्शन में फिल साल्ट को जेसन का रिप्लेसमेंट बनाया। उन्हें केकेआर ने उनके बेस प्राइस यानी 1.5 करोड़ रुपये में अपने खेमे में शामिल किया। आईपीएल 2024 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी के फैंस का दिल जीत रहे फिल साल्ट को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल क्लार्क ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज का प्रभाव केवल उसके द्वारा बनाए गए रनों तक ही सीमित नहीं है, उन्होंने उन्हें कैसे बनाया, इसके महत्व पर भी ध्यान देना चाहिए। सोमवार को दिल्ली के खिलाफ फिल साल्ट ने 33 गेंदों में 68 रन बनाए, जो सीजन का उनका चौथा अर्धशतक है। उन्होंने 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण के साथ 79 रन जोड़े, जिससे मेजबान टीम ने सोमवार को यहां ईडन गार्डन्स में दिल्ली कैपिटल्स पर 7 विकेट से जीत हासिल की। आईपीएल 2024 में नौ मैचों में 392 रन के साथ साल्ट अब ऑरेंज कैप की दौड़ में चौथे स्थान पर हैं। क्लार्क ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, फिल साल्ट के लिए अब तक सीजन वास्तव में अच्छा रहा है और वह केकेआर के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, जैसा कि मैं कहता हूं, यह सिर्फ उसके द्वारा बनाए जा रहे रनों के बारे में नहीं है, बल्कि यह उनके रन बनाने के तरीके के बारे में भी है। या यूं कह लीजिए वो केकेआर के लिए एक्स फैक्टर हैं। क्लार्क ने आगे कहा कि कई टीमों के पास शीर्ष क्रम में कम से कम एक विनाशकारी खिलाड़ी है लेकिन केकेआर के पास साल्ट और नारायण के रूप में दो हैं।

बैंक आपसे नहीं वसूल पाएंगे ऋण पर अतिरिक्त ब्याज आरबीआई ने बैंकों को दिया सख्त निर्देश

मुंबई(एजेंसी) । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और एनबीएफसी को निर्देश दिया कि वे ग्राहकों से वसूले जाने वाले ब्याज के मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी हों। आरबीआई ने बैंकों से अपने कार्यों की समीक्षा करने को कहा गया। आरबीआई ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां ऋण पर तय सीमा से अधिक ब्याज लिया गया। आरबीआई ने अपने सर्कुलर में बताया है कि 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए विनियमित संस्थाओं (बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों) की ऑनसाइट जांच के दौरान, ऋणदाताओं द्वारा शुल्क वसूलने में कुछ अनुचित प्रथाओं का सहारा लेने के उदाहरण सामने आए। आरबीआई ने सर्कुलर में कहा, इसलिए, निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए सभी विनियमित संस्थाओं को निर्देश दिया जाता है कि वे ऋण वितरण के तरीके, ब्याज के आवेदन और अन्य शुल्कों के संबंध में अपनी प्रथाओं की समीक्षा करें और सिस्टम स्तर पर बदलाव सहित सुधारात्मक कार्रवाई करें। आरबीआई द्वारा देखी गई कुछ अनुचित प्रथाएं इस प्रकार हैं- * ऋण की मंजूरी की तारीख या ऋण समझौते के निष्पादन की तारीख से ब्याज लगाना, न कि ग्राहक को धनराशि के वास्तविक वितरण की तारीख से। इसी प्रकार, चेक द्वारा वितरित ऋण के मामले में, ऐसे उदाहरण देखे गए, जहां चेक की तारीख से ब्याज लिया गया, जबकि चेक कई दिनों बाद ग्राहक को सौंपा गया। *महीने के दौरान ऋण के वितरण या पुनर्भुगतान के मामले में, कुछ बैंक केवल उस अवधि के लिए ब्याज नहीं ले रहे थे, जिसके लिए ऋण बकाया था। *कुछ मामलों में, यह देखा गया कि बैंक एक या अधिक किस्तें पहले ही वसूल कर रहे थे, लेकिन ब्याज वसूलने के लिए ऋण की पूरी राशि की गणना कर रहे थे। आरबीआई ने कहा कि ब्याज वसूलने की ये और ऐसी अन्य गैर-मानक प्रथाएं, जो ग्राहकों के साथ व्यवहार करते समय निष्पक्षता और पारदर्शिता की भावना के अनुरूप नहीं हैं, गंभीर चिंता का कारण है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जहां भी ऐसी प्रथाएं सामने आई हैं, आरबीआई ने उन बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को ग्राहकों को इस तरह के अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क वापस करने की सलाह दी है।

बैंकों के मजबूत चौथी तिमाही नतीजों से निफ्टी में 223 अंकों की बढ़त के साथ उछाल

मुंबई(एजेंसी)। निफ्टी 223 अंकों की बढ़त के साथ दिन के उच्चतम स्तर 22,643 पर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्तीय और तेल एवं गैस शेयरों में खरीदारी के साथ अधिकांश सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गजों ने चौथी तिमाही में अच्छे नतीजे की घोषणा की है। इसके बाद बैंक निफ्टी 2 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। छोटे पीएसयू बैंकों ने भी प्रभावशाली तिमाही आंकड़े दर्ज किए हैं। इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार अमेरिकी फेड बैठक और वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़ों से संकेत लेंगे। खेमका ने कहा, महीने की शुरुआत में 1,000 अंकों की गिरावट के बाद बैंक निफ्टी ने अच्छी बढ़त बनाई है। अब यह नई ऊंचाई बनाने से महज 133 अंक दूर है। हमें उम्मीद है कि कमाई के मौसम और मैक्रो डेटा के कारण निफ्टी सकारात्मक रुझान जारी रखेगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी टेक क्वार्टर अर्निंग में बढ़ोतरी और अमेरिका में 10 साल की बॉन्ड यील्ड में गिरावट के कारण भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में तेजी आई। घरेलू स्तर पर, बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में बेहतर प्रदर्शन किया। मध्य पूर्व तनाव में कमी और स्थिर आय से बाजार का सेंटीमेंट पॉजिटिव है और आगे भी जारी रगेगा।

कोकिलाबेन हॉस्पिटल ने एन्हांस्ड शोल्डर रिप्लेसमेंट के लिए भारत में पहली बार लॉन्च की वर्च्युअल इम्प्लांट पोज़िशनिंग के साथ आर्थ्रेक्स ग्लेनोइड सिस्टम

मुंबई : कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटलने कंधे की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए वर्च्युअल इम्प्लान्ट पोज़िशनिंग (ङ्कढ्ढक्क) के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम की क्रांतिकारी तकनीक भारत में लॉन्च की है। वीआईपी सिस्टम का इस्तेमाल करके रिवर्स टोटल शोल्डर रिप्लेसमेंट के लाइव प्रदर्शन में इस को दिखाया गया। वीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम ऑर्थोपेडिक्स में बढ़ाया गया एक बहुत बड़ा कदम है, जो बेहतर सटीकता, तुरंत रिकवरी और मरीज़ों को बेहतर परिणाम प्रदान करता है।

कोकिलाबेन हॉस्पिटल अपनी असाधारण स्पोर्ट्स मेडिसिन सेवाओं के लिए मशहूर है, मरीज़ की व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुरूप समाधानों और उन्नत तकनीकों के साथ नए और अच्छे उपचार करने के लिए पहचाना जाता है। वर्चुअल इम्प्लांट की नयी तकनीक के आने से, अब हॉस्पिटल की स्पोर्ट्स मेडिसिन टीम मरीज़ों की देखभाल और परिणामों को बेजोड़ मानकों तक बढ़ाने में अग्रणी स्थान पर पहुंच चुकी है। आर्थराइटिस या चोट लगने पर कंधे के जॉइंट में होने वाली गंभीर समस्याओं में दर्द को कम करने और कंधे के कार्य को फिर से शुरू करने के लिए कंधे की रिप्लेसमेंट सर्जरी की जाती है। इसके पारंपरिक तरीकों में कभी-कभी इम्प्लांट के सटीक प्लेसमेंट और हर मरीज़ की विशेष शारीरिक रचना को अपनाने में कठिनाई होती है। वीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम में उन्नत तकनीक और सावधानीपूर्वक योजना के साथ इन समस्याओं को निपटा जा सकता है। कंधे की सर्जरी में यह एक क्रांतिकारी परिवर्तन है, जिससे सर्जन और मरीज़ दोनों को लाभ मिलते हैं। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई के स्पोर्ट्स ऑर्थोपेडिक्स, आर्थ्रोस्कोपी और ट्रॉमा विभाग के कंसल्टेंट (यूनिट लीड) डॉ. श्रेयश गज्जर ने इस सिस्टम का उपयोग करके पहली सर्जरी की। इसके महत्त्व पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा, वीआईपी के साथ आर्थ्रेक्स मॉड्यूलर ग्लेनोइड सिस्टम कंधे की आर्थ्रोप्लास्टी में एक बहुत बड़ा परिवर्तन है।

सोनी इंडिया ने ब्राविया थिएटर क्वाड के साथ पेश किया होम सिनेमा एंटरटेनमेंट का बेहतरीन विकल्प

नई दिल्ली : सोनी इंडिया ने आज ब्राविया थिएटर क्वाड के लॉन्च किया जिसके साथ यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य का होम एंटरटेनमेंट (घरेलू मनोरंजन) कैसा हो। यह अनोखा ऑडियो सिस्टम है, जो सिनेमा के अनुभव नए रूप में पेश करता है। दर्शकों को उनकी पसंदीदा फिल्मों और टीवी शो का भरपूर आनंद लेने के लिए तैयार, ब्राविया थिएटर क्वाड बेहतरीन साउंड क्वालिटी और इमर्सन प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को सुरुचिपूर्ण डिज़ाइन के साथ जोड़ता है। 360 स्पैशियल साउंड मैपिंग, साउंड फील्ड ऑप्टिमाइज़ेशन और आईमैक्स एन्हांस्ड और डॉल्बी एटमॉस के साथ अनुकूलता जैसी सुविधाओं के साथ, ब्राविया थिएटर क्वाड दर्शकों को अपने घर में शानदार ऑडियो का अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। ब्राविया थिएटर क्वाड ने होम ऑडियो में क्रांति की शुरुआत करते हुए 360 स्पैशियल साउंड मैपिंग की पेशकश की है। यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एक त्रि-आयामी ऑडियो का माहौल तैयार करती है, जो हर दिशा से श्रोताओं को घेर लेती है। यह सिनेमा के इमर्सिव साउंडस्केप का प्रतिबिंब है, जो बड़े स्क्रीन के जादू को सीधे आपके लिविंग रूम में लेकर आता है। फ्लैट ऑडियो को अलविदा कहें और ब्राविया थिएटर क्वाड के साथ फिल्मों और टीवी शो का अनोखे तरीके से आनंद लें। सोनी के नए ब्राविया थिएटर क्वाड में एक प्रीमियम डिज़ाइन है, जो आपके लिविंग रूम के साथ सहजता से मेल खाता है, जो घर में सिनेमाई अनुभव को समृद्ध करता है। 360 स्पैशियल साउंड मैपिंग और अकूस्टिक सेंटर सिंक जैसे फीचर इमर्सिव ऑडियो प्रदान करते हैं जो मूवी थियेटर के माहौल को प्रतिबिंबित करता है। पर्यावरण के प्रति जागरूक डिज़ाइन के लिए रीसायकल की गई सामग्री का उपयोग करते हुए, ये उत्पाद न केवल साउंड क्वालिटी बढ़ाते हैं बल्कि सभी उपयोगकर्ताओं के लिए समावेश सुनिश्चित करते हुए एक्सेसिबिलिटी के फीचर को भी जोड़ते हैं। ब्राविया थिएटर क्वाड में ऑडियो फील्ड ऑप्टिमाइज़ेशन आपके कमरे के लेआउट के अनुरूप बेहतरीन ऑडियो प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। कमरे का आकर चाहे कैसा भी हो, यह स्वचालित रूप से हर स्पीकर की ऊंचाई और स्थिति, कमरे की अकूस्टिक और श्रोता की स्थिति को मापकर और फिर इस सूचना के आधार पर यह जगह और श्रोता की स्थिति की अकूस्टिक विशेषताओं का विश्लेषण करते हुए मल्टीपल फैंटम स्पीकर बनाएगा,

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 02 मई 2024

पूर्व वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी बीजेपी में शामिल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के पूर्व वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ) राकेश चतुर्वेदी भाजपा में शामिल हो गए हैं। कोरबा जिले के कटघोरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा में उन्होंने भाजपा में प्रवेश किया। मंच पर गृहमंत्री विजय शर्मा, मंत्री ओपी चौधरी, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप और भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे मौजूद हैं। बता दें कि भूपेश बघेल सरकार में राकेश चतुर्वेदी वन महकमे के मुखिया थे।

संक्षिप्त समाचार

मतदान की जागरूकता के लिए शपथ ग्रहण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया

रायपुर (विश्व परिवार)। 1 मई 2024 बुधवार को रायपुर में स्तिथ वृंदावन हॉल में श्रम दिवस के उपलक्ष्य में सफ़ाई कर्मचारी महिलाएँ एवं ई रिक्शा चलाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाएँ ना केवल घर को संजों कर रखने में बल्कि अपने गृहस्ती को चलाने में और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में भी सहियोग करती हैं।रायपुर शहर में महिलाएँ इ रिक्षा चला कर एवं शहर की सड़को को सुंदर और स्वच्छ रख कर अपने परिवार की आर्थिक रूप से सहायता कर रही हैं। शुभारंभ फाउंडेशन द्वारा इनका आभार प्रकट कर इन्हें श्रम दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शताब्दी पाण्डे जी, नीता डूमरे जी एवं शिला प्रजापति जी को बुलाया गया।सभी महिलाओं को सन्मति किया गया। शुभारंभ फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति एवं सहियोग से समारोह को सफल बनाया। फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा कटंनकार, सचिव अरूणा यादव जी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण लाहोटी जी, उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा जी, एवं सहसचिव साधना जी, समता जी, कार्य कारणी शिल्पी सोनवानी, गायत्री साहू, सुषमा जी, संरक्षण छबिलाल सोनी जी, एवं समस्त शुभारंभ ग्रुप के सहयोग से समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर द्वारा दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग असेंबली संकल्प कार्यक्रम का हुआ समापन

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 27-28 अप्रैल को रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग असेंबली संकल्प कार्यक्रम का शानदार समापन हुआ। बृहद रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व उड़ीसा से आये रोटरी सदस्यों मे ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की और पूरे देश से आये बहुमुखी प्रतिभाशाली प्रशिक्षण प्रदाताओं ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से कार्यक्रम में उपस्थित 400 से अधिक रोटरी सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी प्रशिक्षणकर्ताओं ने आगामी सत्र के रोटरी पदाधिकारियों को रोटरी के उद्देश्यों और सेवा भाव से कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया व जानकारी प्रदान की। पूरे कार्यक्रम की विशिष्टता महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ श्री विश्वभूषण हरिचंदन की गरिमामय उपस्थिति एवं उनका प्रेरक ऊदबोधन रहा। कार्यक्रम में अन्य प्रशिक्षण विभूतियों विशेषत: पंडित विजय शंकर जी मेहता, राज्यसभा सांसद श्री विवेक कृष्ण तनखा जी, प्रख्यात प्रेरक प्रवचनकर्ताओं की उपस्थिति से रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर गौरवान्वित हुआ। इस तरह का कार्यक्रम रायपुर क्षेत्र में पहली बार संपादित हुआ और हम अपने उद्देश्यों में सफल रहे।

महिलाओं के खाते में पहुंची महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त : विष्णुदेव साय

रायपुर (विश्व परिवार)। साय सरकार ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तीसरी किश्त महिलाओं के खाते में ट्रांसफर कर दी है. इसके तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को एक-एक हजार की राशि उनके खातों में पहुंचाई गई है. सीतापुर की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आज महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त दे दी है. उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपना-अपना खाता चेक करने की बात कही 7

गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने आज महतारी वंदन योजना की तृतीय किश्त अर्थात् तृतीय माह की सहायता राशि का भुगतान किया है. महतारी वंदन योजना प्रदेश में 01 मार्च 2024 से लागू की गई है. मार्च माह की सहायता राशि 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन करते हुए की गई थी. माह अप्रैल की सहायता राशि 3 अप्रैल 2024 को भुगतान की गई थी. माह मई 2024 की सहायता राशि का भुगतान 1 मई को करने के लिए प्रकिया अपनाई गई तथा माह मई की सहायता राशि कुल 654.90 करोड़ का भुगतान किए जाने की प्रक्रिया की गई है. इनमें से 63,59,226 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है. इसके अंतर्गत उनके आधार से लिंक हुए बैंक खाते में सहायता राशि प्राप्त होगी. 6.48.004 हितग्राहियों, जिनके खाते आधार से लिंक नहीं है, उन्हें एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया जा रहा है।

पूरे प्रदेश में 70.26.452 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया था, जिनमें से 70,12.417 आवेदन स्वीकृत किए गए थे. अद्यतन स्थिति में मृत हुए हितग्राही एवं अपात्र हितग्राहियों को सूची से हटाते हुए माह मई में कुल 70,07,230 हितग्राहियों को भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री साय के हाथों भिलाई के प्रबुद्ध नागरिकों ने ली भाजपा की सदस्यता

भिलाई (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के आगमन की जानकारी प्राप्त होने पर, पी.एम. विश्वकर्मा योजना के प्रदेश-संयोजक व्ही. विश्वनाथन आचारी जी एवं दुर्ग सम्भागीय पदाधिकारियों की पहल पर, प्रदेश में अकेला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर में भी अतिविशिस्ट सामाजिक कार्यकर्ता प्रभुनाथ बैठाजी, खुर्सीपार, भिलाई को भाजपा में सदस्यता-ग्रहण के लिए सहमत कराकर, 50 व्यक्तियों के साथ भाजपा का पट्टा पहनाकर एवं सिन्दूर लगाकर भाजपा में शामिल कराया सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप, दुर्ग के संसद चुनाव प्रतिनिधि विजय बघेल जी, विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा उपस्थित थे। इस सम्मेलन में पीएम विश्वकर्मा योजना समिति के पदाधिकारीगण प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष राज्यवर्द्धन, अमितोष तिवारी, शिशिर सिन्हा, वेद प्रकाश सिंह शामिल हुए। सम्मेलन में रतन कुमार पोद्दार, निशीकांत शर्मा, मनोज कुमार सिंह, मृत्युंजय भगत, अरुण राय, मनोज चौधरी, सीता सिंह, सुरजीत सिंह, पंकज सेठी, बीपी सिंह, विवेक शर्मा, प्रदीप सिंह, संतोष कुशवाहा, विनोद साव, अशोक साव, दुआरीकसाव, योगेश पटेल, रवि साहू, नरेंद्र कोशरे, योगेश साहू, कन्हिया कश्यप, टीकेश साहू, राहुल यादव, भोलू, दिनेश, अविनाश, जीतू, अभिषेक सिंह, अभिषेक पटेल, विन्नु घनश्याम, हितेश, गोवर्धन निर्मलकर, दिनेश कन्नोजिया, मिथुन व अन्य साथीगण भाजपा में शामिल हुए।

एनटीपीसी कोरबा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, मतदान करने की दिलाई गई शपथ

कोरबा (विश्व परिवार)। 01 मई, 2024 को एनटीपीसी कोरबा के प्लांट परिसर में स्वीप टीम तथा एनटीपीसी कोरबा ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर तथा ज़िला निर्वाचन अधिकारी, श्री अजीत वसंत, सीईओ ज़िला पंचायत, संबित मिश्रा, आयुक्त नगर निगम, सुश्री प्रतिष्ठा मामगाई तथा जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

परियोजना प्रमुख श्री सरित माहेश्वरी ने कलेक्टर तथा ज़िला निर्वाचन अधिकारी, श्री अजीत वसंत का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया जिससे वे अपने मताधिकारी का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर कलेक्टर तथा ज़िला निर्वाचन अधिकारी, श्री अजीत वसंत ने समस्त उपस्थितजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री सरित माहेश्वरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान से ही देश की दशा और दिशा बदलेगी। हम सभी को बढ़चढ़ कर मतदान करना है इसके लिए भारत सरकार ने आपको उस दिन का अवकाश भी दिया है ताकि आप अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।

इस कार्यक्रम में एनटीपीसी कोरबा के सभी कर्मचारियों, सीआईएसएफ, ठेकेदारों, संविदा श्रमिकों और यूनियन एंड असोशिएशन के काफी संख्या में लोगों ने भागीदारी रही। इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के पाँच आदर्श मतदान केंद्रो पर सभी मतधारियों को अपना मत देने के लिए जागरूक किया गया।

मतदान लोकतंत्र की ऊर्जा है, यह कहते हुए कलेक्टर तथा ज़िला निर्वाचन अधिकारी, श्री अजीत वसंत ने इस अवसर कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने सभी पात्र नागरिकों को मतदान करने और चुनाव के दौरान निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया। संविधान में निहित अधिकारों का पालन करते हुए, सभी लोग अपना वोट डालें तथा भारत के मजबूत लोकतंत्र के निर्माण करने की अपील की।

एनटीपीसी कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों, जो नागरिक और मतदाता हैं, को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया ताकि चुनावी प्रक्रियाओं में उनकी जागरूकता और भागीदारी बढ़ाई जा सके। आयुक्त नगर निगम, सुश्री प्रतिष्ठा मामगाई ने भी सभी उपस्थितजनों से मतदान हेतु अपील किया। इसी सत्र में सीईओ ज़िला पंचायत, संबित मिश्रा ने "voting turnout percentage" को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखते हुए सबको मतदान करने का अपील किया।

राहगीरों को मठा पिलाकर महाराष्ट्र मंडल ने मनाया श्रम दिवस

रायपुर (विश्व परिवार)। महाराष्ट्र मंडल के वल्लभनगर केंद्र की महिलाओं ने प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मजदूर दिवस पर राहगीरों, विशेषकर श्रमिकों को मठा पिलाया। इस सेवाभावी अभियान की विशेषता यह रही है कि हर एक मठा पीने वाले व्यक्ति से सात मई को लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का आह्वान किया गया।

महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि वल्लभनगर केंद्र की सभी महिलाओं ने बड़े पैमाने पर मठा बनाने के लिए उल्लेखनीय योगदान रहा। तत्पश्चात सुबह 9:00 बजे टैगोर नगर हनुमान मंदिर चौक के पास सेवाभावी महिलाओं ने विशेष ड्रेस कोड के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की और तेज धूप में लगभग चार घंटे तक मार्ग से गुजरने वालों को निशुल्क मठा पिलाया।

वल्लभनगर केंद्र की अपर्णा देशमुख के मुताबिक मठा वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। माधुरी गाडगिल, मनीषा सदन, श्वेता भट्ट, प्रियंका चाडोलकर, स्मिता चांडोलकर, सुलभा विठालकर, रोहिणी चिमोटे, कांचन पुसदकर, मंजूषा चिलमवार, अल्पना देवराणकर, शोभा पाटिल, सुवर्णा कस्तूरे, अपर्णा आठले, प्रतिमा अगलावे, प्रीति केसकर, अर्चना जतकर, उषा काकडे, वंदना पाटिल, अर्चना राखडे, प्राजक्ता पुसदकर, अपर्णा देशमुख, अभय भगवतकर, उदय चिमोटे ने भी मठा वितरण में हाथ बंटाया। टैगोर नगर, शैलेंद्र नगर, वल्लभ नगर के नागरिकों ने महाराष्ट्र मंडल के इस स्तुति कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। मंडल अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान पांच मई, रविवार को शाम 6:00 बजे रायपुर के 10 व्यस्ततम चौराहों- क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा।

हरा सोना की तोड़ाई के लिए हरी झंडी का इंतजार, विभागीय तैयारी पूरी

कोंडागांव (विश्व परिवार)। तेंदूपत्ता तोड़ाई से पहले होने वाली विभागीय प्रक्रिया वनमण्डल ने पूरी कर ली है, और अब इंतजार केवल पत्ता तोड़ाई के लिए विभाग को हरी झंडी मिलने की है। हरी झंडी मिलते ही हरे सोने की तोड़ाई शुरू हो जाएगी दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत 13 समितियां के अंतर्गत आने वाले सभी 260 फड़ तैयार हो चुके हैं। ज्ञात हो कि, दक्षिण वन मंडल के वन परी क्षेत्र से निकलने वाली पत्ता की साइज व अच्छी क्वालिटी के चलते यहां के पत्ते की मांग ज्यादा होती है और यही वजह है कि, यहां की समितियो को टेंडर प्रक्रिया में अच्छी रकम में खरीदार मिल जाते हैं। आपको बता दे कि, वर्ष 2023-024 में 19200 मानक बोरा खरीदी करने का टारगेट मिला था, जिसके एवज में 18740 मानक बोरा की खरीदी हो पाई। उम्मीद है कि, इस वर्ष समय पर तोड़ाई शुरू होंने के साथ ही अच्छी कमाई भी तेंदूपत्ता संग्राहक कर पाएंगे। हालांकि बीच-बीच में मौसम की बेरुखी के चलते कुछ इलाकों में इसका असर पत्तों पर भी देखने को मिल रहा है।

संरक्षा के सजग प्रहरियों को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित

रायपुर (विश्व परिवार)। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है। इसी कड़ी में आज दिनांक 01 मई' 2024 को रायपुर एवं नागपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के 02 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक श्री विजय कुमार साहू के द्वारा सम्मानित किया गया।

रायपुर रेल मंडल के भिलाई स्टेशन में कार्यरत मालगाड़ी प्रबंधक, श्री डी. आशीष राव ने दिनांक 10 अप्रैल' 2024 को अपने ड्यूटी के दौरान मालगाड़ी से एक दूसरी ट्रेन मे एक खराबी को देखा। जिसमे कि उस ट्रेन के एक वैगन के पहिया के हिस्से में दरार को देखा एवं इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी गयी। उन्होने ने वैगन के उस टूटे हुए हिस्से का फोटो तत्काल उच्च अधिकारियों को भेजा। जिसकी वजह से समय रहते उस खराबी का उचित समाधान किया गया अन्यथा इसकी वजह से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। श्री आशीष राव के तत्परता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई। इसी प्रकार नागपुर रेल मंडल के गोंदिया स्टेशन में कार्यरत मालगाड़ी प्रबंधक श्री मन मोहन सैनी ने दिनांक 18 मार्च' 2024 को माल गाड़ी से लाइन नं.-6 में कन्हान स्टेशन यार्ड मे प्रवेश कर रही थी, इसी दौरान श्री मन मोहन सैनी, मालगाड़ी प्रबंधक/ गोंदिया ने लाइन नंबर 7 पर एक रेल फ्रैक्चर को देखा और इसकी सूचना उन्होने तुरंत वहाँ कार्यरत स्टेशन मास्टर को दी। तत्पश्चात, ऑन ड्यूटी पोर्टर स्टाफ को भौतिक सत्यापन के लिए भेजा गया और टूटी हुई फिश प्लेट की पुष्टि हुई। उपरोक्त घटना की सूचना सभी संबंधित विभागों को दी गई जिसके फलस्वरूप रेल फ्रैक्चर को दुरुस्त कर सुरक्षित रेल परिचालन को बहाल किया गया। इस प्रकार श्री मन मोहन सैनी के सूझबूझ एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई। संरक्षा कोटि के दोनों कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के अवसर पर प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, अन्य विभागाध्यक्ष सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर की पाती पहुंचेगी घर-घर, मतदान के लिए होगा सभी से आग्रह

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा चुनाव-2024 में शत-प्रतिषत मतदान के उद्देश्य को सफल बनाने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण पहल किए जा रहें हैं। 2 से 5 मई तक एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी की पाती घर-घर पहुंचेगी। तीन हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका घर-घर जाएंगे और यह पाती पहुंचाएंगे, जिसमें महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक सहयोग करेंगे। साथ ही यह अपील करेंगे कि 07 मई सुबह 7 से शाम 6 बजे की अवधि में अपने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अवश्य करें।

पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को दिया सुविधा, स्वास्थ्य और सम्मान : भावना बोहरा

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में दो चरण के मतदान हो चुके हैं इसी कड़ी में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होने हैं जिसमें दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, कोरबा और सरगुजा शामिल हैं। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में लगातार जनता के बीच सक्रियता से चुनाव प्रचार करते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनसंपर्क किया और अब दुर्ग लोकसभा में भी वो जनता के बीच पहुंचकर केंद्र व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचा रही है और खासकर महिलाओं से संवाद कर रहीं हैं। मंगलवार को भावना बोहरा ने दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत वैशाली नगर विधानसभा के शांति नगर में जैन समाज की महिलाओं, केम्प-1 में तेलुगू समाज की महिलाओं व स्थानीयजनों तथा गोल मार्केट कन्या स्कूल वैशाली नगर में महतारी वंदन योजना की लाभार्थियों और जवाहर नगर बैठक में महिलाओं से संवाद कर भाजपा के विकास कार्यों तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी देकर भाजपा को वोट देने की अपील की।

पंडरिया विधायक ने भिलाई में विभिन्न सामाजिक महिलाओं और योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं से किया संवाद

इस अवसर पर भावना बोहरा ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था से लेकर हर क्षेत्रों में सभी समाज व वर्ग की महिलाएं अपनी सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित कर रहीं हैं तो वहीं नेतृत्व भी कर रहीं हैं। महिला शक्ति समाज के सभी क्षेत्रों में मौजूद है और देश के विकास के लिए अहम है। 'अगर हम कानून, शिक्षा, विज्ञान और पुलिस में 'नारी शक्ति% की ओर देखें, तो हमारी बेटियां और माताएं भारत में अहम योगदान दे रही हैं। -शेष पेज 2 पर

एनटीपीसी लारा ने मजदूर दिवस पर मजदूरों को सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

रायपुर (विश्व परिवार)। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में और एक सुरक्षित कार्यस्थल के लिए सुरक्षा संस्कृति के निर्माण के लिए संविदा श्रमिक को सुरक्षा के बारे में जागरूक बनाने के लिए, 1 मई 2024 को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर लारा में समूहिक सुरक्षा वार्ता का आयोजन किया गया। श्री अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, लारा ने श्रमिक को संबोधित किया और उनके योगदान को रेखांकित किया किसी संगठन, राज्य और देश के समग्र विकास के लिए श्री सिंह ने उस उद्योग के विकास और हमारे राष्ट्र के विकास के लिए कुशल जनशक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर श्री अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख (लारा) द्वारा 10 श्रमिकों को उनके अच्छे सुरक्षा व्यवहार के लिए सम्मानित किया गया। श्री सूरज मेश्राम, क्षेत्रीय ईएसआईसी अधिकारी, रायगढ़ ने श्रमिकों के कल्याण के लिए ईएसआईसी द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न योजनाओं और लाभों के बारे में बात की। श्रमिकों के बीच सुरक्षा संस्कृति के निर्माण के लिए, काम पूरा होने से पहले और बाद में नियमित सुरक्षा वार्ता आयोजित की जाती है। श्रमिकों को सलाह दी जाती है कि यदि उन्हें इससे जुड़ी कोई सुरक्षा चिंता महसूस हो तो वे काम शुरू न करें। व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति संबंधित कर्मी की पूर्ण संतुष्टि के बाद कार्य पुन: प्रारंभ करें। सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराने के लिए एनटीपीसी लारा द्वारा विभिन्न पहल की गई हैं। इस अवसर पर श्री राजीव रंजन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री रविशंकर, महाप्रबंधक (परियोजना), विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और बड़ी संख्या में संविदा श्रमिक उपस्थित थे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354